मेरठ से प्रकाशित व बुलंदशहर, बागपत मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, गाजियाबाद, हापुड, उत्तराखण्ड, हरियाणा में एक साथ प्रसारित

दैनिक
# सर्वहित भारत

सम्पर्क सूत्र—9837558066

सत्य की खोज



वर्ष –01, अंक –231 | मेरठ, शनिवार 11 मार्च 2023 | पृष्ठ 08, मूल्य 5/रुपये

## जापानी प्रधानमंत्री 20 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो 20 और 21 मार्च को भारत का दौरा करेंगे, ताकि व्यापार और निवेश सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीके तलाशे जा सकें। जापानी प्रधानमंत्री अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक बातचीत करेंगे, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण विस्तार को शामिल किया जाएगा।

विदेश मंत्रालय ने कहा, जापान के प्रधान मंत्री किशिदा फुमियो 20 से 21 मार्च को भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। बयान में कहा गया है, यात्रा के दौरान वह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत करेंगे। दोनों पक्ष पारस्परिक हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता जी20 में भारत की अध्यक्षता और जी7 में जापान की अध्यक्षता के लिए प्राथमिकताओं पर भी चर्चा करेंगे। मंत्रालय ने कहा, ”वे जी7 और जी20 के अपने संबंधित अध्यक्षों के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर भी चर्चा करेंगे।

## बस में सो रहे बीएमटीसी के 45 वर्षीय कंडक्टर की जलकर हुई मौत

**बेंगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी।** लिंगधीरनाहल्ली में बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (बीएमटीसी) बस स्टैंड पर खड़ी एक बस में भीषण आग लगने से 45 वर्षीय बस कंडक्टर की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी। मृतक की पहचान मुथैया स्वामी के रूप में हुई है। डीसीपी लक्ष्मण बी निम्बार्गी के मुताबिक, सुमनहल्ली बस डिपो की बीएमटीसी बस में आग लग गई। बस चालक प्रकाश (39) ने सबसे पहले सुबह करीब 4:45 बजे इस घटना को देखा।

# 7 दिन तक ईडी की हिरासत में रहेंगे मनीष सिसोदिया

## सीबीआई मामले में जमानत पर 21 मार्च तक टली सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। दिल्ली आबकारी नीति (2021-22) घोटाला मामले में सीबीआई केस में वो तिहाड़ जेल में बंद हैं। वहीं, आबकारी नीति में ईडी भी उनसे पूछताछ कर रही है। ईडी ने सिसोदिया को 10 मार्च (शुक्रवार) को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 17 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने कोर्ट से सिसोदिया की 10 दिन की हिरासत मांगी थी।

ईडी ने मनीष सिसोदिया पर आबकारी नीति मामले में कई आरोप लगाए हैं। ईडी ने कोर्ट को बताया कि मनीष सिसोदिया ने दूसरे लोगों के नाम से सिम कार्ड और मोबाइल फोन खरीदे थे। सिसोदिया ने कुछ निजी कंपनियों को थोक व्यापार देने की साजिश के तहत नीति को लागू किया था। निजी संस्थाओं को थोक लाभ मार्जिन का 12% तय किया गया था। षडयंत्र का समन्वय साउथ ग्रुप के साथ विजय नायर और अन्य ने किया था। दक्षिण ग्रुप के सदस्यों को आगे 9 क्षेत्रों का नियंत्रण दिया गया। इसकी मीटिंग मनीष सिसोदिया के घर पर हुई थीं। ईडी ने इंडोस्पिरिट्स कंपनी को एल1 लाइसेंस सुनिश्चित करने में सिसोदिया की भूमिका को बताया है।

जांच एजेंसी ने अदालत को विजय नायर और के कविता (बीआरएस एमएलसी) के बीच मुलाकात के बारे में अवगत कराया। ईडी ने कहा कि आरोपी बुचिबाबू गोरंटला ने तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और के कविता के बीच राजनीतिक समझ का खुलासा किया, जिन्होंने विजय नायर से भी मुलाकात की थी। बुचिबाबू के कविता के पूर्व ऑडिटर हैं और फिलहाल जमानत पर हैं।

सिसोदिया के वकील की दलीलों का जवाब देते हुए, ईडी के वकील ने अदालत से कहा कि अगर नीति कार्यपालिका का मामला है तो कोयला घोटाला या 2जी घोटाला नहीं होगा।

सीबीआई रिमांड के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया को 6 मार्च को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने तिहाड़ जेल में सिसोदिया ने 7 मार्च को पूछताछ की थी। इसके बाद 9 मार्च को पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दूसरे दिन 10 मार्च यानी शुक्रवार को ईडी ने सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जहां ईडी ने कोर्ट से सिसोदिया की 10 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने सात दिन यानी 17 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

बता दें कि 26 फरवरी को सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति (2021-22) घोटाला मामले में सिसोदिया को आठ घंटे तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद 27 फरवरी को उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश कि गया। जहां से उन्हें चार मार्च तक सीबीआई हिरासत में भेज दिया।

## लालू यादव की बेटियों के ठिकानों पर भी ईडी की छापेमारी



**नई दिल्ली/पटना, एजेंसी।** रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी जांच तेज कर दी है। ईडी ने बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव के कई ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी अधिकारियों ने बिहार, दिल्ली-एनसीआर, रांची और मुंबई के ठिकानों पर छापा मारा है। छापेमारी लालू यादव के अलावा उनकी बेटियों के ठिकानों पर भी हुई है। ईडी ने लालू यादव की बेटी रागिनी, चंदा और हेमा यादव के ठिकानों पर छापा मारा है। इसके अलावा पूर्व आरजेडी विधायक अबु दुजाना के घर पर भी छापेमारी की है। अधिकारियों ने कहा कि पटना, फुलवारीशरीफ, दिल्ली-एनसीआर, रांची और मुंबई में छापेमारी की गई। बता दें की सीबीआई इस मामले में लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी यादव और 14 अन्य आरोपियों के खिलाफ साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत चार्जशीट दायर की है। अधिकारियों ने बताया की सभी आरोपियों को 15 मार्च को तलब किया गया है। इससे पहले, सीबीआई ने इसी मंगलवार को लालू यादव और उनकी बेटी मीसा भारती से पूछताछ की थी। इससे एक दिन पहले राबड़ी देवी से भी पूछताछ हुई थी।

## भारत में H3N2 वायरस से हुई पहली मौत

**हासन (कर्नाटक)।** कर्नाटक में एक 82 वर्षीय व्यक्ति में एच3एन2 वायरस से हुई पहली मौत का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी है।

डीएचओ ने न्यूज एजेंसी को बताया कि हलेज गौड़ा के 82 वर्षीय बेटे हिरे गौड़ा की एक मार्च को एच3एन2 वायरस से मौत होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि गौड़ा मधुमेह के रोगी थे और उच्च रक्तचाप से भी पीड़ित थे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने आगे कहा कि मरीज को 24 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और 1 मार्च को उसकी मृत्यु हो गई। परीक्षण के लिए भेजे गए नमूने में पुष्टि हुई कि वह 6 मार्च को वायरस से संक्रमित था।

करीब पांच दिन पहले राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. के सुधाकर ने ल्३०२ वायरस के संक्रमण में अचानक आई तेजी को देखते हुए अधिकारियों के साथ बैठक की थी। स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक, केंद्र सरकार ने अपने दिशा-निदेशों में प्रति सप्ताह 25 टेस्ट का लक्ष्य रखा है और वैरिएंट पर नजर रखने के लिए विभाग विक्टोरिया और वाणी विलासा अस्पतालों में SARI और ILI के 25 मामलों की जांच कर रहा है। उन्होंने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा था कि संक्रमण 15 साल से कम उम्र के बच्चों और 65 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों में देखा जा सकता है।

# डिजिटल इंडिया एक्ट से हटेगा 'सेफ हार्बर' नियम!

## सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट के लिए प्लेटफॉर्म भी बनेंगे उत्तरदायी



**बेंगलुरू।** केंद्र सरकार ने डिजिटल इंडिया एक्ट 2023 की औपचारिक रूपरेखा पेश कर दी है। सरकार इंटरनेट मध्यस्थ के तौर पर काम करने वाले किसी भी थर्ड पार्टी को उनकी वेबसाइट पर की गई पोस्ट के लिए उत्तरदायी बनाने पर काम कर रही है। सरकार जल्द ही 'सेफ हार्बर' नियम को हटाने पर विचार कर रही है। इसके लिए सरकार डिजिटल इंडिया बिल लाकर कानूनों को बदलने जा रही है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सेफ हार्बर के पीछे तर्क यह था कि इंटरनेट प्लेटफॉर्म के पास कोई अन्य उपभोक्ता द्वारा बनाई गई सामग्री पर कोई शक्ति या नियंत्रण नहीं है। इसलिए उसे इस नियम के तहत सुरक्षा प्रदान की गई थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

सेफ हार्बर नियम इंटरनेट मध्यस्थों को प्लेटफॉर्म पर उपयोगकताओं द्वारा साझा की गई सामग्री के खिलाफ कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है। यह पुराने आईटी अधिनियम, 2000 का हिस्सा था। डिजिटल इंडिया एक्ट पर हितधारकों के साथ परामर्श के दौरान मंत्री ने कहा कि कानून एक सिद्धांत-आधारित नियम होने चाहिए, जो बहुत अच्छे सिद्धांतों के साथ एक ढांचा प्रदान करता है, जिसका उपयोग भविष्य में अन्य नियमों को विकसित करने के लिए किया जा सकता है।

प्रस्तावित डिजिटल इंडिया बिल का उद्देश्य मौजूदा आईटी अधिनियम, 2000 को बदलना और भारत के 'टेकडे' के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करना है।

मंत्री ने कहा कि मौलिक भाषण अधिकारों का किसी भी मंच से उल्लंघन नहीं किया जा सकता है। नए आईटी नियम, 2021 में पहले के एक संशोधन में कहा गया था कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को उपयोगकताओं के मुक्त भाषण अधिकारों का सम्मान करना चाहिए।

## निजी संस्थाओं को लीज पर दी जाएंगी हवाई पट्टियां

### 20 साल तक की होगी लीज की अवधि



**लखनऊ :** प्रदेश में एविएशन गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए रोजगार के सृजन की संभावनाएं तलाशने और राजस्व संग्रह के दोहरे उद्देश्यों को ध्यान में रखकर राज्य सरकार हवाई पट्टियों के उपयोग के लिए नीति लेकर आई है। शुक्रवार को राज्य कैबिनेट ने उप्र राज्य सरकार की हवाई पट्टियों के उपयोग हेतु नीति-2023 को स्वीकृति प्रदान की। नई नीति में तमाम पुराने प्रविधानों को समाहित करते हुए निजी संस्थाओं के लिए हवाई पट्टी के उपयोग पर विस्तृत गाइडलाइन जारी की गई है। नीति में हवाई पट्टी के उपयोग को चार श्रेणियों में बांटा गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वामित्व की हवाई पट्टियों व वहां पर स्थित अन्य परिसंपत्तियों को निजी संस्थाओं द्वारा उड्डयन क्षेत्र में उड़ान प्रशिक्षण संस्थान (फ्लाइट ट्रेनिंग आर्गेनाइजेशन), विमान एवं इंजन के रख-रखाव व इंजन की मरम्मत संबंधी गतिविधियों के साथ-साथ एयरो स्पोर्ट्स व अन्य गतिविधियों को संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। हवाई पट्टी के उपयोग के लिए फीस के रूप में रिजर्व लीज रेंटल एवं लाइसेंस शुल्क का भुगतान प्रतिवर्ष राज्य सरकार को करना होगा। जिसे प्रतिवर्ष पांच प्रतिशत की दर से बढ़ाया जाएगा। चयनित संस्था को बैंक के द्वारा जारी परफार्मेंस बैंक गारंटी भी जमा करनी होगी। जिसकी वैधता अवधि दो वर्ष की होगी। निजी संस्था को हवाई पट्टे के उपयोग की अनुमति 20 वर्ष के लिए अस्थाई तौर पर दी जाएगी।



### सरकार की अहम घोषणा

# बीएसएफ में पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा 10 फीसदी आरक्षण; आयु सीमा में भी छूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने आज अग्निवीरों को लेकर एक और बड़ी घोषणा की है। सरकार ने बीएसएफ के भीतर रिक्तियों में पूर्व-अग्निवीरों के लिए 10 फीसद आरक्षण की घोषणा की है। इसी के साथ ही ऊपरी आयु-सीमा मानदंडों में भी छूट की घोषणा की गई है। हालांकि, आयु सीमा में छूट इस बात पर निर्भर करेगी कि वे पहले बैच का हिस्सा हैं या बाद के बैचों के। गृह मंत्रालय ने 6 मार्च को एक अधिसूचना के माध्यम से यह घोषणा की है। गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 (1968 का 47) की धारा 141 की उप-धारा (2) के खंड (बी) और (सी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गुरुवार को जारी एक अधिसूचना के माध्यम से यह घोषणा की।

केंद्र सरकार ने शक्तियों का उपयोग करते हुए, सीमा सुरक्षा बल, जनरल ड्यूटी कैडर (अराजपत्रित) भर्ती नियम, 2015 में संशोधन कर अब सीमा सुरक्षा बल, जनरल ड्यूटी कैडर (अराजपत्रित) नियम, 2023 बनाने की घोषणा की, जो 9 मार्च से प्रभावी हो गया है।

केंद्र सरकार ने घोषणा की कि कॉन्स्टेबल के पद से संबंधित भाग के नियमों में बदलाव किया जाएगा और ऊपरी आयु सीमा में छूट वाले नोट डाले जाएंगे। अग्निवीरों के पहले बैच के उम्मीदवारों के लिए पांच साल तक और पूर्व-अग्निवीरों के अन्य सभी बैचों के मामले में तीन साल तक की छूट दी जाएगी।

## पीएम मोदी ने आपदा जोखिम में कमी के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राष्ट्रीय मंच के तीसरे सत्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने आपदा जोखिम में कमी के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल में तुर्किए और सीरिया में भारतीय दल के प्रयासों को पूरी दुनिया ने सराहा है। ये बात हर भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राहत और बचाव से जुड़े मानव संसाधन और तकनीकी क्षमता को भारत ने जिस तरह बढ़ाया है, उससे देश में भी अलग-अलग आपदा के समय बहुत सारे लोगों की जिंदगी बचाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा, "आप सभी दूसरों की जान बचाने में अपनी जान जोखिम में डालते हैं। मैं आज सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार से सम्मानित संस्थानों के सभी संबद्ध मानव संसाधनों को बधाई देता हूं।" पीएम मोदी ने कहा, "ओडिशा स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी विभिन्न आपदाओं के दौरान बेहतरीन काम करती रही है। मिजोरम के लुंगलेई फायर स्टेशन ने जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए अथक परिश्रम किया। मैं इन संस्थानों में काम करने वाले सभी साथियों को बधाई देता हूं।" प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे लोकल कंस्ट्रक्शन मटीरियल हो, या फिर कंस्ट्रक्शन टेक्नॉलॉजी, इसको हमें आज की जरूरत, आज की टेक्नॉलॉजी से समृद्ध करना है।

## भाजपा सांसद दुबे ने की संसदीय समिति के समक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस को लेकर एक संसदीय समिति के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी लोकसभा सदस्यता को समाप्त करने की मांग की।

बजट सत्र के पहले भाग में राहुल गांधी के भाषण के बाद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ नोटिस दिया था। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग-अडाणी मुद्दे पर टिप्पणी की थी।

भाजपा सांसद सुनील सिंह की अध्यक्षता वाली लोकसभा की विशेषाधिकार समिति के समक्ष लोकसभा की विशेषाधिकार समिति के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए निशिकांत दुबे ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा राहुल गांधी की टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटाए जाने के बावजूद वे अब भी उनके और कांग्रेस के आधिकारिक यू-ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध हैं।

निशिकांत दुबे के हवाले से एक सूत्र ने बताया कि उन पर न सिर्फ एक बल्कि तीन प्रकार के विशेषाधिकार लागू होते हैं और वह आदतन अपराधी हैं और इसलिए उनकी सदस्यता को समाप्त किया जाना चाहिए।

निशिकांत दुबे ने अपनी बात की पुष्टि के लिए दस्तावेज और रिपोर्ट भी पेश किए और इनके जरिए दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं और व्यवसायी गौतम अडाणी के विभिन्न सौदे कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (वढअ) सरकार के दौरान किए गए थे। जिनका राहुल गांधी ने उल्लेख किया था।

# लक्सर कोतवाली मे पत्र देकर की ससुराल पक्ष लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**संवादाता मोहम्मद साजिद/ सर्वहित भारत**

**लक्सर:** नगर पंचायत सुल्तानपुर की सुल्ताना ने पुलिस में पत्र देकर की ससुराल पक्ष लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग सुल्ताना पत्नी मोहतरम पुत्री रशीद उर्फ बुद्धा शेक हाल निवासी नगर पंचायत सुल्तानपुर ने बताया कि मेरी शादी मोहतरम पुत्र याकूब निवासी गढ़ पोस्ट ऑफिस गढ़ मीरपुर थाना रानीपुर जिला हरिद्वार के साथ हुई थी मेरी परिजनों के द्वारा मेरी शादी में करीब 750000 खर्च किया था उसने बताया मेरे ससुराल वालों के चेहरे पर फिर भी मायूसी रही उसने यह भी बताया कि उन्होंने मेरे साथ कई बार मारपीट की और कहा कि अपने परिवार वालों से रुपए लाकर दो उसने बताया मेरे 1 पुत्र अर्श उम्र 4 वर्ष है उसने बताया उन्होंने मुझसे 100000 नकद व आल्टो कार की मांग की है और मेरे परिजनों के द्वारा उन्हें बीच-बीच में भी कुछ पैसे दिए थे वह फिर भी नहीं माने उसने बताया मेरे पिताजी व परिवार वालों ने उन्हें बहुत समझाया वह लोग मरने मारने पर उतारू रहे और मेरे साथ मारपीट करते रहे उसने कहा मजबूर होकर मैंने एक पत्र लक्सर पुलिस में देकर कार्रवाई की मांग की है।






## सरपंचों के ऊपर लाठियां चलाना सरासर गलत: प्रवीन कश्यप दयालपुर।

**कुरुक्षेत्र( राकेश कश्यप )। सर्वहित भारत**

कांग्रेस नेता प्रवीन कश्यप दयालपुर ने कहा कि जो भाजपा की सरकार में सरपंचों के ऊपर लाठीचार्ज किया है वह बहुत ही निंदनीय है। कहा कि सरपंचों की लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी तैयार है और पूरे जोरों शोरों से कांग्रेस पार्टी सरपंचों की लड़ाई लड़ेगी ।कहा कि जब भी हमारी हरियाणा में और साथ ही साथ पूरे भारत में कांग्रेस की सरकार आएगी तो हम पंचायती राज एक्ट के अनुसार सरपंचों को कार्य करने की पूरी आजादी देंगे ।कहा कि जो भारतीय जनता पार्टी ने सरपंचों के सिरों पर लाठियां मारी हैं उनके लिए ताबूत का काम करेगी और यह लाठियां ही उनके लिए भाजपा सरकार के पतन का कारण बनेगी।कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही युवाओं, गरीबों और आम जनमानस के विपरीत कार्य कर रही है उन्होंने पहले तो छात्रों के ऊपर लाठियां भांजी, उसके बाद कर्मचारियों के ऊपर और फिर बाद में सरपंचों के ऊपर लाठिया भांजी जिसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं ऐसी करना बिल्कुल ही और अपराधों की श्रेणी में आता है। ऐसे सरपंचों के सिर फोड़ कर उनका रक्त बहाना सरासर गलत है इसके लिए अगर कांग्रेस को बड़े से बड़ा आंदोलन भी करना पड़ा तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने के लिए तैयार है और सरपंचों को उनका हक दिलवा कर कांग्रेस पार्टी चैन की सांस लेगी।





## पुलिस वालों ने खेली होली डीजे की धुन पर जमकर थिरके पुलिसकर्मी

**राजू चौधरी/ सर्वहित भारत**

**गुलावठी** एक दिन पहले होली का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने के बाद पुलिसकर्मियों ने कोतवाली गुलावठी परिसर में जमकर होली खेली पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को गुलाल रंग लगाकर होली की बधाई देते हुए डीजे पर जमकर डांस किया बुधवार को होली का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने के बाद वीरवार को गुलावठी कोतवाली परिसर में डीजे की धुन पर पुलिसकर्मी डीजे पर जमकर थिरके। पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी । पुलिसकर्मियों की होली देखने के लिए कोतवाली के बाहर लोगों की भीड़ जुटी रही सभी पत्रकार बंधुओं ने पुलिसकर्मियों को कोतवाली में जाकर होली की बधाई दी।

## जसविंदर सैनी ने किया कुरुक्षेत्र महामंत्री बनने पर मुख्यमंत्री खट्टर,ओमप्रकाश धनखड़,रविन्द्र राजू और पूर्व विधायक पवन सैनी ,रवि बतान आदि नेताओ का धन्यवाद।

**सर्वहित भारत**
**कुरुक्षेत्र(राकेश कशयप)।**

जसविंदर सैनी ने कहा कि सभी के प्यार व आशीर्वाद से मुझे भारतीय जनता पार्टी कुरुक्षेत्र महामंत्री बनाने पर हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ,प्रदेश अध्यक्ष चौ. ओमप्रकाश धनखड़ और प्रदेश संगठन मंत्री रविंद्र राजू , डॉक्टर पवन सैनी , नायब सैनी ,मंत्री संदीप सिंह , कृष्ण बेदी , सुभाष सुधा,जिलाध्यक्ष रवि बतान , ज़िला प्रभारी जी एल शर्मा एवंम शीर्ष नेतृत्व व पार्टी कार्यकताओं का में हार्दिक धन्यवाद करता हूं।कहा कि जो आप ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी है उसको में पूरी मेहनत व निष्ठा से निभाऊँगा।







## कश्यप समाज की मीटिंग का रणधीर कश्यप सुलखनी और एडवोकेट रामकुमार कश्यप ने कई गांवों में दिया निमंत्रण,

**समाज के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की कही बात।**

**सर्वहित भारत**
इंद्री/कुरुक्षेत्र(राकेश कश्यप)।

आगामी 12 मार्च को इंद्री में होने वाली कश्यप समाज की मीटिंग का आज गांव दर गांव जाकर न्योता दिया गया। हरियाणा कश्यप राजपूत सभा 184 के प्रतिनिधि मंडल ने किया इंद्री के कई गावो का दौरा किया। जिसमें हरियाणा कश्यप राजपूत सभा के चेयरमैन एडवोकेट रामकुमार कश्यप, हरियाणा कश्यप राजपूत युवा सभा 184 के चेयरमैन व प्रभारी रणधीर कश्यप सुलखनी ,युवा सभा के उपाध्यक्ष एडवोकेट कर्मवीर, कुरुक्षेत्र जिला के अध्यक्ष रविंद्र डाडलू , एडवोकेट रणबीर कश्यप ने इंद्री हलके के गांव जटपुरा ,धौलगढ़ ,कुडक, भादसों, स्वर्ण माजरा ,हैबतपुर ,रैतखाना ,बीड्खाना, पंजोखरा, बुटान खेड़ी गावो में आने वाली 12 मार्च दिन रविवार को इंद्री से करनाल रोड पर पेट्रोल पंप के पास हरि सिंह हलवाई के बैंकट हॉल होने वाली कश्यप समाज की मीटिंग में पहुंचने के लिए समाज के लोगों से अपील की और समाज के लोगों ने विश्वास समाज के लोगों ने विश्वास दिलाया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में इंद्री में पहुंचेंगे ।इस मीटिंग के प्रति समाज के लोगो में भारी उत्साह देखने को मिला।

# वेंकटेश्वरा में अन्तर विभागीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**योग के माध्यम से ही स्वस्थ शरीर को प्राप्त किया जा सकता है-डॉ0 सुधीर गिरि, चेयरमैन**









**सर्वहित भारत**

**मेरठ।** आज राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेशवरा संस्थान में अन्तर विभागीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सस्था के लगभग पचास छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग, बी0फार्मा0, डी0 फार्मा, पोलिटेक्निक, बी0टैक0 के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

वेंक्टेष्वरा संस्थान के ऑडिटोरियम में योग अन्तर विभागीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, प्रभारी कुलपति डॉ0 राकेश यादव, परिसर निदेशक डॉ0 प्रताप सिंह ने रीबन काट कर एवं मॉ सरस्वती प्रतिमा पर माल्र्यापण कर किया। अन्तर विभागीय योग प्रतियोगिता के उदघाटन अवसर पर अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि योग विद्यार्थियों को मजबूत, आत्मविष्वासी और कुशल बनाता है उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास एवं चरित्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका भी




निभाता है। प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने अपने सबोधन में कहा कि योग से मन और आत्मा को और खूबसूरत सिर्फ योग के द्वारा ही बनाया जा सकता है।

परिसर निदेशक डॉ0 प्रताप सिंह ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा है योग हमें वो ऊर्जा प्रदान करता है जिससे हम अपने जीवन की हर समस्याओं से लड सकते है एवं आप सभी को योग के लिए प्रतिदिन कुछ समय निकालना चाहिए।

योग प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रथम स्थान रजनी कुमारी, द्वितीय स्थान चंचल एवं तृतीय स्थान लक्ष्मी यादव ने प्राप्त किया। वहीं पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान अषोक सिंह राजपुरोहित, द्वितीय स्थान अनुराग एवं तृतीय स्थान मुकेश यादव एवं अमित ने प्राप्त किया। विजयी खिलाडियों को संस्था के अधिकारियों द्वारा मैडल एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परिसर निदेशक जी ने, निदेशक-शिक्षा डॉ0 बी0सी0 दुबे जी, प्राचार्य डॉ0 संजय तिवारी, प्राचार्य डॉ0 नितिन राज वर्मा, ब्रजपाल सिंह, दीपक कुमार, अलका सिंह, गौरव, डॉ0 पंकज कुमार एवं पूजा शर्मा, शर्मिला सोलंकी, प्रीति त्यागी, विदशा चौधरी, प्रणव शर्मा एवं अरून शर्मा एवं समस्त विभागों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। जिनके योगदान से योग प्रतियोगिता का सफल्तापूवर्क आयोजन किया जा सका।

अन्त में परिसर निदेशक जी के द्वारा प्रोग्राम को-आर्डिनेटर अभिनव राणा को योग प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाऐ देते हुए योग प्रतियोगिता का समापन किया।



# होली का हुड़दंग






















ग़म भरा कोई दिन ना बीते
हर दिन हंसी ठिठौली हो
आप की तो हर रात दिवाली
आपका हर दिन होली हो
रंगोत्सव
की
हार्दिक बधाई

ZMCDA
जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन


## संपादकीय

# ईडी पर कांग्रेस का अलग रुख

आम आदमी पार्टी के नेता, दिल्ली के पूर्व वित्त और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ विपक्षी नेताओं ने जो पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा है, उसका मकसद भले विपक्ष की एकजुटता का संदेश देना हो, उससे सबसे ज्यादा उजागर यही तथ्य हुआ है कि आज भी विपक्षी दलों में तालमेल की बहुत कमी है। वजह यह है कि इस सांकेतिक कवायद से कांग्रेस सहित कुछ प्रमुख विपक्षी पार्टियां अलग रहीं। इस पत्र में सरकार की ओर से ईडी के कथित दुरुपयोग को मुद्दा बनाया गया था। खुद कांग्रेस के भी कई नेता ईडी के निशाने पर रहे हैं। 'नैशनल हेराल्ड' मामले में तो सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक से ईडी की लंबी पूछताछ हो चुकी है। इसके बावजूद कांग्रेस ने यह कहते हुए इस पत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया कि ईडी के 95 फीसदी मामले फर्जी हैं, लेकिन मनीष सिसोदिया के खिलाफ यह केस उन पांच फीसदी मामलों में से हैं, जो सही हैं। पूछा जा सकता है कि यह मामला तो अभी शुरुआती स्टेज में ही है। ईडी भी अभी पूछताछ ही कर रहा है। फिर कांग्रेस नेताओं को कैसे मालूम हो गया कि इस मामले में की गई ईडी की कार्रवाई सही है? मगर इन तकनीकी सवालों से ज्यादा महत्वपूर्ण है विपक्ष की पांत में दरार दिखने देने का फैसला। अभी कुछ दिन पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के जन्मदिन पर हुई जुटान के दौरान कांग्रेस को इस बात के लिए घेरा गया था कि वह विपक्षी दलों को साथ लाने की वैसी कोशिश नहीं कर रही, जैसी उससे उम्मीद है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उस बयान को मुद्दा बनाया गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगले लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की अगुआई में सरकार बनेगी। फारुख अब्दुल्ला जैसे नेताओं की टिप्पणियों के जवाब में खरगे ने सफाई भी दी कि उन्होंने पीएम पद को लेकर कुछ नहीं कहा था। वहां सभी दलों में यह सहमति बनती दिखी थी कि अभी नेता के सवाल को छोड़कर सिर्फ 2024 के चुनाव पर फोकस रखा जाए। हालांकि उसके ठीक बाद तृणमूल की ममता बनर्जी ने अगला चुनाव अकेले लड़ने का एलान कर दिया। रही-सही कसर कांग्रेस, डीएमके, जेडीयू, जेडीएस जैसे दलों के इस पत्र से अलग रहने से पूरी हो गई। हालांकि विपक्षी दलों के बीच आपसी अंतर्विरोध कोई छुपी हुई बात नहीं है। आप, टीएमसी, आरजेडी जैसे तमाम दल बीजेपी विरोधी जिस वोट बैंक पर नजर टिकाए हुए हैं उसमें कांग्रेस की सीधी भागीदारी बनती है। ऐसे में कांग्रेस को भी पता है कि वह दबती रही तो ये दल उसे दबाते हुए उसके वोट बैंक पर कब्जा जमाते रहेंगे। लेकिन यह बात भी है कि सब अलग-अलग रहे तो 2024 में बीजेपी को सत्ता से बाहर करने का लक्ष्य हासिल होना मुश्किल है। ऐसे में 2024 के चुनावों में सीट बंटवारे की रस्साकशी संपन्न होने तक विपक्षी खेमे में ऐसी खींचतान दिखती रहेगी।

# पीरियड लीव मिलना महिलाओं का हक

देश में पीरियड्स लीव को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान इस मुद्दे पर अपनी राय दी है। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं और छात्राओं को मासिक धर्म में छुट्टी मिलने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा है कि इस तरह के मामले पर आदेश देने से कम्पनियां महिलाओं को काम पर रखने से परहेज करेंगी। ये सच है कि वर्तमान समय में देश को सशक्त बनाने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। वर्तमान दौर में महिलाएं कुशल व अकुशल श्रमिक के रूप में हर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रही है। ऐसे में पीरियड्स लीव महिलाओं के वर्किंग स्किल को प्रभावित करेगा। इस जनहित याचिका में मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 की धारा 14 के अनुपालन के लिए केंद्र व सभी राज्यों को छात्राओं व कामकाजी महिलाओं के लिए उनके कार्यस्थल पर मासिक धर्म के दौरान पेड लीव की मांग की गई थी, पर सुप्रीम कोर्ट ने पीरियड्स लीव को महिलाओं के लिए अलाभकारी निर्णय बताया है। न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 卐नीतिगत विचारों के संबंध में यह उचित होगा कि याचिकाकर्ता महिला और बाल विकास मंत्रालय से संपर्क करें।卐
गौरतलब हो कि इससे पहले भी अरुणाचल प्रदेश के सांसद निमोंग एरिंग द्वारा जनवरी 2018 में लोकसभा में एक बिल 'मेंस्ट्रुअल बेनेफ़िट' के नाम से पेश किया गया था। ये बिल कामकाजी महिलाओं को मेंस्ट्रुअल लीव यानी पीरियड्स के दौरान छुट्टी दिलाने के पक्ष में था। एरिंग ने बिल पेश करते हुए कहा था कि 卐उन्होंने ये बिल इसलिए पेश किया क्योंकि देशभर से कई महिला संगठनों ने भारत में एक अच्छी 'मेंस्ट्रुअल लीव पॉलिसी' की मांग की है।卐 वहीं अभी हाल ही में केरल सरकार ने जनवरी 2023 में उच्च शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी राज्य विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को मासिक धर्म (पीरियड्स लीव) की छुट्टी देने का ऐलान किया है। कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सीयूएसएटी) की तरफ से फीमेल स्टूडेंट्स को छुट्टी देने का फैसला किया गया था और इसी फैसले के स्वागत में सरकार ने विभाग के दायरे में आने वाले सभी राज्य के विश्वविद्यालयों में इसे लागू करने का फैसला किया। वैसे इस मामले में भारत की कुछ कम्पनियां पहले से ही महिलाओं को पीरियड्स लीव दे रही है। जिसमें स्विगी और जोमैटो जैसी कंपनी शामिल है। जनवरी 2023 में इलेक्ट्रिक सामान बनाने वाली दिल्ली की कंपनी ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने भी महिला कर्मचारियों के लिए पीरियड लीव की घोषणा की थी।
मार्च 2021 में, दिल्ली सरकार ने भी इसी तरह घोषणा की थी कि वो अपनी सभी महिला कर्मचारियों को मेंस्ट्रुअल लीव देंगी। इस छुट्टी को कामकाजी महिलाएं पीरियड्स साइकल के किसी भी दिन ले सकती हैं और इससे उनकी बाकी छुट्टियों में कटौती नहीं की जाएगी। इसी तरह उत्तर प्रदेश सरकार व महाराष्ट्र सरकार ने भी मेंस्ट्रुअल लीव की घोषणा की है। भारत में बेशक यह मुद्दा बहस का विषय बना हुआ है पर दुनिया में ऐसे कई देश है जो महिलाओं को पीरियड्स लीव दे रहे हैं। जिनमें युनाईटेड किंगडम, चीन, जापान, ताइवान, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, स्पेन और जाम्बिया जैसे देश शामिल है। जो महिलाओं को पीरियड्स लीव जैसी सुविधाएं मुहैया कराते हैं। स्वीडन साल 2016 में पेड मेंस्ट्रुअल लीव पॉलिसी पेश करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया था। इस पॉलिसी के तहत जो महिलाएं पीरियड्स के दिनों में पेट दर्द संबंधित परेशानियों का अनुभव करती हैं, वे पेड लीव की हकदार हैं। साल 2017 में, इटली मेंस्ट्रुअल लीव देने वाला पहला यूरोपीय देश बना था। यहां महिलाओं को हर महीने तीन दिन की छुट्टी लेने का अधिकार है। इसी तरह 2015 में, ज़ाम्बिया ने महिला कर्मियों के लिए प्रति माह एक दिन की छुट्टी का प्रावधान किया। जबकि साल 2019 में, फिलीपींस ने एक कानून पेश किया, जिसमें एक महीने में दो दिनों तक महिलाओं को छुट्टी लेने की अनुमति दी गई है। पीरियड्स लीव के सम्बंध में ही यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन की एक रिसर्च कहती है कि इस दौरान किसी महिला को उतना ही दर्द होता है। जितना किसी व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ने पर होता है। ये सच है कि पीरियड्स में महिलाओं को तेज दर्द, उल्टी, दस्त और हैवी ब्लीडिंग का सामना करना पड़ता है। कुछ महिलाओं को तो असहनीय पीड़ा से गुजरना होता है। बावजूद इसके वर्किंग महिलाओं के लिए पीरियड्स में छुट्टी लेना पॉसिबल नहीं होता है। कुछ महिलाएं बढ़ते कॉम्पिटिशन के चलते खुद पीरियड्स लीव नहीं लेना चाहती हैं। उन्हें लगता है कि वो पीरियड्स लीव लेगी तो साथी कर्मचारी इसका फायदा उठा लेंगी। वैसे देखा जाए तो ये कड़वा सच ही है कि हमारे समाज में शादीशुदा महिलाओं को जॉब ऑफर कम ही मिलता है। बच्चे होने के बाद स्थिति और ख़राब हो जाती है।

## चिंतन-मनन

# इसलिए रह जाती है पूर्व जन्म की स्मृतियां

माना जाता है कि संसार में हम जो भी काम करते अथवा बोलते हैं वह एक उर्जा के रूप में प्रकृति में वर्तमान रहती है। उर्जा के विषय में विज्ञान कहता है कि उर्जा कभी नष्ट नहीं होती है। इसका स्वरूप बदलता रहता है। हमारी आत्मा भी उर्जा का ही स्रोत है इसलिए कभी मनुष्य शरीर में रहती है तो कभी पशु, कीट की योनी में जाकर रहती है।
लेकिन अपनी आत्मा को हम किस रूप में स्थान देना चाहते हैं यह हमारे अपने हाथ में है। जिस प्रकार उर्जा को कर्म के अनुसार रूपांतरित किया जा सकता है ठीक उसी प्रकार कर्म के अनुसार आत्मा को भी रूप दिया जा सकता है। पुराणों में बताया गया है कि आत्मा का वही रूप होता है जैसे शरीर में वह विराजमान होता है। वर्तमान जन्म में हम जो अच्छे या बुरे कर्म करते हैं उसके अनुरूप आत्मा दूसरा शरीर ग्रहण करती है।
आत्मा अपने साथ पूर्व जन्म की स्मृति और आकांक्षाओं को भी साथ में लेकर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। शरीर बदलने के बाद भी आत्मा पुराने शरीर की स्मृतियों को नहीं भूलती है। इस तथ्य को परामनोवैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। मरने के समय जिनकी आत्मा अतृप्त रहती है और पूर्व जन्म कार्यों को पूरा करने के लिए छटपटाती रहती है। ऐसे लोगों को अपने पूर्व जन्म की कई बातों की स्मृति रहती है।
पुराणों में पार्वती के पूर्व जन्म की कथाओं का उल्लेख मिलता है। कथाओं में बताया गया है कि पार्वती को पूर्व जन्म में प्रजापति दक्ष की पुत्र के रूप में जन्म लेकर शिव से विवाह और अग्नि कुण्ड में भष्म होने की घटना का स्मरण था। शिव को फिर से पति रूप में पाने के लिए ही सती ने पार्वती के रूप में जन्म लिया और कठोर तपस्या किया। पुराणों और शास्त्रों में कई ऐसी कथाओं का जिप्र किया गया है जिसमें व्यक्ति को अपने पूर्व जन्म की घटनाओं की स्मृति रही। जिमूतवाहन व्रत में भी इसी तरह की एक कथा का उल्लेख मिलता है।

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ निभा रहा है अहम भूमिका


प्रहलाद सबनानी

यूं तो संघ में अलग अलग प्रकार की कई बैठकें होती हैं परंतु इनमें सबसे बड़ी एवं निर्णय की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण बैठक प्रतिनिधि सभा के रूप में होती है। इस वर्ष यह बैठक 12 मार्च से 14 मार्च 2023 के बीच हरियाणा के समालखा (जिला पानीपत) में होने जा रही है। इस बैठक में संघ कार्य की समीक्षा एवं आगामी वर्ष 2023-24 के लिए संघ की कार्य योजना पर चर्चा होगी। इसके साथ ही कार्यकर्ता निर्माण व प्रशिक्षण, संघ शिक्षा वर्गों की योजना, शताब्दी विस्तार योजना एवं कार्य के दृढ़ीकरण और देश की वर्तमान स्थिति पर विचार एवं महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्ताव भी पारित होंगे। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा बैठक में परम पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, माननीय सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबाले, सभी सह सरकार्यवाह, अखिल भारतीय कार्यकारिणी, क्षेत्र व प्रांत कार्यकारिणी, संघ के निर्वाचित अखिल भारतीय प्रतिनिधि, सभी विभाग प्रचारक तथा विविध संगठनों के निमंत्रित कार्यकर्ता भाग लेंगे। देश भर से लगभग 1400 कार्यकर्ता इस बैठक में भाग लेने के लिए अपेक्षित हैं।

भारत में पिछले 97 वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश के नागरिकों में देशप्रेम की भावना का संचार करने का लगातार प्रयास कर रहा है। वर्ष 1925 (27 सितम्बर) में विजयदशमी के दिन संघ के कार्य की शुरुआत ही इस कल्पना के साथ हुई थी कि देश के नागरिक स्वाभिमानी, संस्कारित, चरित्रवान, शक्तिसंपन्न, विशुद्ध देशभक्ति से ओत-प्रोत और व्यक्तिगत अहंकार से मुक्त होने चाहिए। आज संघ, एक विराट रूप धारण करते हुए, विश्व में सबसे बड़ा स्वयं सेवी संगठन बन गया है। संघ के शून्य से इस स्तर तक पहुंचने के पीछे इसके द्वारा अपनाई गई विशेषताएं यथा परिवार परंपरा, कर्तव्य पालन, त्याग, सभी के कल्याण विकास की कामना व सामूहिक पहचान आदि विशेष रूप से जिम्मेदार हैं। संघ के स्वयंसेवकों के स्वभाव में परिवार के हित में अपने हित का सहज त्याग तथा परिवार के लिये अधिकाधिक देने का स्वभाव व परस्पर आत्मीयता और आपस में विश्वास की भावना आदि मुख्य आधार रहता है। 卐वसुधैव कुटुंबकम卐 की मूल भावना के साथ ही संघ के स्वयंसेवक अपने काम में आगे बढ़ते हैं। वैश्विक स्तर पर कई देशों में तो संघ की कार्य पद्धति पर कई शोध कार्य किए जा रहे हैं कि किस प्रकार यह संगठन अपने 97 वर्षों के लम्बे कार्यकाल में फलता फूलता रहा है एवं किस प्रकार यह समाज के समस्त वर्गों को अपने साथ लेते हुए अपने कई कार्यकर्मों को लागू करने में सफलता अर्जित करता आया है। आज जब कई देशों में अलगाववाद के बीज बोकर भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है ऐसे माहौल में संघ भारत के नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना विकसित कर उनमें सामाजिक समरसता के भाव को जगाने में सफल रहा है।
मुट्ठीभर विदेशी आक्रांताओं ने भारत पर कई सैकड़ों वर्षों तक राज किया क्योंकि हम सब एक नहीं थे। इसलिए संघ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ही देश के लिए समाज को एकजुट करना था, है और रहेगा, जिसे पूर्ण करने हेतु ही परम पूजनीय डॉक्टर हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी और आपने एकशः संपत का मंत्र दिया था कि उच्च जाति के हो या निम्न जाति के, पहले अपना अहंकार छोड़कर और दूसरे अपनी लाचारी या हीनता छोड़कर तथा अमीर हो या गरीब, विद्वान हो या अज्ञानी सब एक पंक्ति में खड़े हों, यही संघ का मुख्य उद्देश्य भी है।
समाज और राष्ट्र को प्रथम मानने वाले संघ में व्यक्ति गौण होता है। संघ ने कभी अपना प्रचार नहीं किया और संघ के प्रचारकों या स्वयंसेवकों ने जो दायित्व प्राप्त किए वे भी प्रचार से दूर रहे, संघ का और स्वयंसेवकों का कार्य उनकी लग्न और त्याग देश के सामने है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस लम्बी यात्रा में वैश्विक स्वीकार्यता प्राप्त कर चुका है। व्यक्ति निर्माण, त्याग और राष्ट्र्भक्ति के संस्कार से ओतप्रोत संघकार्य आज दुनिया के सम्मुख है। आपदा में अद्वितीय सेवाकार्य और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्धता के संघ के गुणों को विरोधी भी स्वीकारते हैं। संघ की योजना प्रत्येक गांव में, प्रत्येक गली में अच्छे स्वयंसेवक खड़े करने की है। अच्छे स्वयंसेवक का मतलब है जिसका अपना चरित्र विश्वासप्रद है, शुद्ध है। जो सम्पूर्ण समाज को, देश को अपना मानकर काम करता है। किसी को भेदभाव से शत्रुता के भाव से नहीं देखता और इसके कारण जिसने समाज का स्नेह और विश्वास अर्जित किया है। संघ सम्पूर्ण हिन्दू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से आगे बढ़ रहा है। संघ की कार्यपद्धति में पंथ - उप पंथ, जातीय मतभेद आदि बातें उपस्थित हो ही नहीं सकती क्योंकि संघ सम्पूर्ण हिन्दू समाज में एकता लाने की दृष्टि से कार्य करता है। संघ में छुआ छूत की भावना तो कभी की समाप्त हो चुकी है क्योंकि संघ में सभी जातियों के लोग एक झंडे के नीचे काम



करते हैं। हाल ही के समय में देश भर में संघ का कार्य बहुत तेजी से फैला है। दैनिक शाखाओं में 61 प्रतिशत शाखाएं छात्रों की हैं और 39 प्रतिशत व्यवसायी शाखाएं हैं। संघ की दृष्टि से देशभर में 6506 खंड हैं, इनमें से 84 प्रतिशत से अधिक खंडों में शाखाएं हैं। 59,000 मंडलों में से लगभग 41 प्रतिशत से अधिक मंडलों में संघ का प्रत्यक्ष शाखा के रूप में कार्य है। 2303 नगरीय क्षेत्रों में से 94 प्रतिशत नगरों में शाखा का कार्य चल रहा है एवं आने वाले दो वर्षों में सभी मंडलों में संघ की शाखा हो, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ कार्य एक लाख स्थानों तक ले जाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। 2017 से 2022 तक संघ की वेबसाइट में 'जोइन आरएसएस' के माध्यम से 20 से 35 आयु वर्ग के लगभग 1 लाख से 1.25 लाख युवाओं ने प्रतिवर्ष संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है।
कोरोना महामारी के दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने समाज के साथ मिलकर सक्रियता के साथ सेवा कार्य किया था। लगभग 5.50 लाख स्वयंसेवकों ने महामारी के पहले दिन से ही सेवा कार्य प्रारम्भ कर दिया था तथा पूरे समय समाज के साथ सक्रिय सहयोग किया।। विश्व में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां बहुत बड़ी संख्या में मठ, मंदिर, गुरुद्वारों से बहुत बड़ा वर्ग सेवा कार्य के लिए निकला। यह एक जागरूक राष्ट्र के लक्षण हैं। साथ ही संघ द्वारा धर्म जागरण, कृषि विकास, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, गौसंवर्धन एवं ग्रामीण विकास का कार्य बहुत अच्छी मात्रा में एवं अच्छी गति के साथ चलाया जा रहा है।
संघ द्वारा हाल ही के समय में सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं सेवा कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर देश के हित में कुछ नवोन्मेष कार्य करने का प्रयास भी किया गया है। देश में बेरोजगारी कम करने एवं देश के नागरिकों को स्वावलंबी बनाए जाने के पवित्र उद्देश्य से स्वावलम्बन कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को अपना व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिए प्रेरणा प्रदान करने के साथ ही इस सम्बंध में आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है। कुछ राज्यों के स्थानीय इलाकों में तो एक वृहद सर्वे के माध्यम से यह पता लगाने का प्रयास भी किया गया कि इन स्थानीय इलाकों में किस प्रकार के रोजगार की आवश्यकता है एवं किस प्रकार के कुटीर एवं लघु उद्योग इन इलाकों में प्रारम्भ किये जा सकते हैं ताकि इन इलाकों में इन बेरोजगार युवाओं द्वारा इन उद्योगों को प्रारम्भ कर अन्य युवाओं के लिए भी रोजगार के नए अवसर निर्मित किए जा सकें। साथ ही, स्थानीय उद्योगों से भी आग्रह किया गया कि वे स्थानीय लोगों को ही रोजगार प्रदान करने के प्रयास करें ताकि इन इलाकों से युवाओं के पलायन को रोका जा सके। स्वावलम्बन योजना के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर ही युवाओं में कौशल विकसित करने हेतु भी प्रयास किए जा रहा हैं।
इसी प्रकार ग्राम विकास और कृषि क्षेत्र में विशेष दृष्टि रखते हुए संघ ने भूमि सुपोषण अभियान की शुरूआत भी की है। इस अभियान के अंतर्गत कृषि योग्य भूमि की उर्वरा शक्ति में आई कमी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि संघ ने इस अभियान को आगे बढ़ाने हेतु, इस क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठनों एवं संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करने का निर्णय लिया है। परंतु, पूरे देश में फैले संघ के स्वयंसेवकों के नेटवर्क का संगठित उपयोग कर इस अभियान को बहुत सफल बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान को एक सामाजिक अभियान के रूप में भारत के सभी ग्रामों में चलाया जा रहा है। साथ ही, भारत के पर्यावरण में सुधार लाने की दृष्टि से संघ ने बाकायदा एक नई पर्यावरण गतिविधि को ही प्रारम्भ कर दिया है, जिसके अंतर्गत देश में प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं करने का अभियान प्रारम्भ किया गया है और देश में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की मुहिम प्रारम्भ की गई है। संघ पूर्व में भी लगातार यह प्रयास करता रहा है कि देश को विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने हेतु देश में ही निर्मित वस्तुओं के उपभोग को बढ़ावा मिले एवं स्वदेशी को प्रोत्साहन मिले। साथ ही, देश में आर्थिक विकेंद्रीयकरण होना चाहिए ताकि ग्रामीण स्तर पर कुटीर एवं लघु उद्योगों की स्थापना को बल मिले एवं स्थानीय स्तर पर उत्पादों का न केवल निर्माण हो बल्कि इन उत्पादों की खपत भी स्थानीय स्तर पर होती रहे। उद्यमिता को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भी प्रयास किए जा रहे हैं ताकि देश का युवा नौकरी करने वाला नहीं बल्कि रोजगार उत्पन्न करने वाला बने। यूं तो संघ में अलग अलग प्रकार की कई बैठकें होती हैं परंतु इनमें सबसे बड़ी एवं निर्णय की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण बैठक प्रतिनिधि सभा के रूप में होती है। इस वर्ष यह बैठक 12 मार्च से 14 मार्च 2023 के बीच हरियाणा के समालखा (जिला पानीपत) में होने जा रही है। इस बैठक में संघ कार्य की समीक्षा एवं आगामी वर्ष 2023-24 के लिए संघ की कार्य योजना पर चर्चा होगी। इसके साथ ही कार्यकर्ता निर्माण व प्रशिक्षण, संघ शिक्षा वर्गों की योजना, शताब्दी विस्तार योजना एवं कार्य के दृढ़ीकरण और देश की वर्तमान स्थिति पर विचार एवं महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्ताव भी पारित होंगे।

## विचार-मंथन

# फेक न्यूज़ सोशल मीडिया पर वायरल करना गंभीर अपराध


सनत जैन




तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों के पलायन, दो मजदूरों की तमिलनाडु में हत्या, विधानसभा में बिहारी मजदूरों की हत्या और हमले को लेकर विपक्ष का वाकआउट करना, बिहार और तमिलनाडु सरकार के बीच में विवाद पैदा करने की कोशिश, इसके साथ ही फेक न्यूज़ के माध्यम से हजारों लाखों लोगों को उद्वेलित कर कानून व्यवस्था की स्थिति को खराब करने का जो मामला सामने आया है, उसके बाद केंद्र एवं राज्य सरकारों को इस तरह की फेक न्यूज़ को रोकने के लिए तुरंत कड़े कानून बनाए जाने की जरूरत है। सोशल मीडिया में जब इस तरह से फेक न्यूज़ को फैलाई जाती है, उससे दंगे भड़कते हैं। सैकड़ों हजारों लाखों लोग इससे प्रभावित होते हैं। इसके बाद भी सरकारों द्वारा इस संबंध में कोई कड़ाई नहीं किए जाने से यह घटनाएं बार-बार हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट भी इस संबंध में कई बार अपनी चिंता जता चुका है। लेकिन अभी तक केन्द्र सरकार ने कोई कानून तैयार नहीं किया। फेक न्यूज से निपटने के लिये केन्द्र सरकार ने जो प्रस्ताव तैयार किया है, उसमें सूचना प्रसारण जैसी संस्था को फेक न्यूज की जिम्मेदारी एजेन्सी बनाने का प्रस्ताव सरकार के इरादों को उजागर करता है। फेक न्यूज को सोशल मीडिया में काट-छांटकर जो तथ्य प्रसारित किये जात हैं, उसके लिये राष्ट्रीय सुरक्षा कानून जैसे कड़े प्रावधान लागू करने की आवश्यकता है अन्यथा इस पर रोक लगा पाना संभव नहीं होगा।
तमिलनाडु में जिन बिहारी मजदूरों की हत्या की बात को लेकर बिहारी मजदूरों के पलायन की बात कही गई थी। उसका सच सामने आया तो हर कोई हैरत में पड़ गया। तिरुपुर की एक कॉलोनी तिरुमलाई में एक 10 कमरों की चाल बनी हुई थी। इसी चाल के एक कमरे में रामानी इंपैक्स में टेलर का काम करने वाला पवन अपने छोटे भाई नीरज के साथ रहता था। उसके बगल वाले कमरे में झारखंड का रहने वाला उपेंद्र धारी रहता था। जो ड्राइवर का काम करता था। पड़ोसी और चश्मदीद गवाहों के बयान के आधार पर तमिलनाडु पुलिस में जो मामला दर्ज है, उसमें पवन की हत्या उसके पड़ोसी उपेंद्र धारी ने आपसी विवाद में की थी। हत्या करने के बाद वह ट्रेन से झारखंड के लिए भाग रहा था। तमिलनाडु पुलिस ने संज्ञान लिया, मोबाइल से उसकी लोकेशन चेन्नई में मिली चेन्नई से धनबाद की ओर जा रहा था पुलिस ने जीआरपी धनबाद से संपर्क कर उपेंद्र के मोबाइल नंबर और फोटो भेजे। ट्रेन के जनरल डब्बे में उपेंद्र मिला, जहां उसे गिरफ्तार किया गया। ऐसा ही दूसरा मामला फांसी पर लटके पाए गए सिकंदरा बाजार के मोनू यादव का था। उसके भाई तुलसी कुमार को स्थानीय लोगों ने बताया था कि दरवाजा अंदर से बंद था, उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। उसका भाई तुलसी विहार से पहुंचा था। उसने इस मामले में गलत जानकारी देकर भाई की हत्या और बिहारियों के पलायन करने से जोड़ दिया। उसके बाद इसका राजनीतिक फायदे के लिए एक पुराने वीडियो को जोड़कर झूठी खबर को सोशल मीडिया के जरिए बड़ी तेजी के साथ फैलाया गया। इसको लेकर पटना और तमिलनाडु दोनों ही जगह पर कानून व्यवस्था की बिगाड़ने का प्रयास किया गया। सारे देश में बिहारियों के उत्पीड़न को लेकर नई तरीके का नैरेटिव बनाने की कोशिश की गई।
सही मायने में सोशल मीडिया पर फेक न्यूज़ के माध्यम से सनसनी फैलाकर दंगा और कानून-व्यवस्था की स्थिति संघीय ढांचे को नष्ट करने जैसे हालात पैदा करना घोर अपराध माना जाना चाहिए। इस अपराध के लिए तुरंत कठोर कार्रवाई करना चाहिए। जो लोग इस तरह से फेक न्यूज़ चलाते हैं, उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा का खतरा मान कर उनको कड़े से कड़े दंड दिए जाने की आवश्यकता है। पिछले कुछ वर्षों से सोशल मीडिया में जिस तरीके की फेक न्यूज़ चलाई जा रही हैं, उसका इस्तेमाल राजनीतिक और व्यापारिक हितों के लिए हो रहा है। ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। फेक न्यूज़ फैलाने वालों के लिए कड़े कानून बनाने की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो यह लोग शांति व्यवस्था के लिए बहुत बड़ा खतरा बन जाएंगे1 बिना किसी भेदभाव के कड़ी कार्यवाही होने से इन घटनाओं से बचा जा सकता है।

## श्रद्धांजलि

# निर्देशक अभिनेता सतीश कौशिक का जाना!


डॉ श्रीगोपाल नारसन



फिल्मी दुनिया के हरदिल अज़ीज फिल्म निर्माता, निर्देशक और अभिनेता सतीश कौशिक का हार्ट अटैक से अचानक हुए निधन ने फ़िल्मी दुनिया ही नही उनके चाहने वालो को भी रुला दिया है। सतीश कौशिक मात्र 66 साल के थे और फ़िल्म क्षेत्र में बेहद सक्रिय थे। गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में उन्हें भर्ती करवाया गया था,जहां उनका निधन हो गयाहै। सतीश कौशिक ने रूप की रानी चोरों का राजा फिल्म का निर्देशन सन 1993 में किया था। जबकि सन1983 में फिल्म मासूम का भी वो हिस्सा रहे।सन 2015 में द ग्रेट इंडियन फैमिली ड्रामा टीवी सीरियल में उनका अभिनय यादगार रहा था।
सतीश चंद्र कौशिक का जन्म 13 अप्रैल सन1956 को हुआ था। उन्हें एक बेहतरीन फिल्म प्रोड्यूसर, कॉमेडियन और स्क्रीनराइटर के तौर पर जाना जाता रहा। हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में जन्मे सतीश कौशिक को कम उम्र से ही अभिनय से लगाव हो गया था।उन्होंने दिल्ली के किरोड़ी मल कॉलेज से ग्रेजुएशन किया।उसके बाद नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा और फिल्म टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अभिनय और निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त किया। फिल्म मिस्टर इंडिया में सतीश कौशिक का कैलेंडर वाला किरदार काफी लोकप्रिय रहा।इसी तरह दीवाना मस्ताना में पप्पू पेजर, ब्रिटिश फिल्म ब्रिक लेन में भी वे नजर आए।उन्हें दो बार फिल्मफेयर बेस्ट कॉमेडियन अवार्ड मिला। पहली बार सन1990 में राम लखन के लिए और फिर साजन चले ससुराल के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। कुंदन शाह की फिल्म जाने भी दो यारों के लिए उन्होंने डायलॉग लिखे थे। सन 1999 में हम आपके दिल में रहते हैं, उनके फिल्म निर्देशन की सबसे हिट फिल्म कही जा सकती है।
सबके चेहरों पर मुस्कान लाने वाला फ़िल्म डायरेक्टर सतीश कौशिक अब हमेशा के लिए खामोश हो गए हैं।उनके निधन से हर कोई गहरे सदमे में है।
एक दिन पहले तक होली के जश्न में डूबे लोगों ने सोचा भी नहीं होगा कि अगली सुबह इतनी काली और भयानक होगी। लेकिन होनी को कौन टाल सकता है। लोगों को इस बात पर यकीन नहीं हो रहा है कि दिग्गज कलाकार सतीश कौशिक अब हमारे बीच नहीं रहे। मासूम फिल्म से अपनी एक्टिंग की शुरुआत सन 1983 में करने वाले सतीश कौशिक ने इसी फ़िल्म में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर भी काम किया था। इसके बाद फिल्म रूप की रानी चोरों का राजा से उन्होंने एक डायरेक्टर के तौर पर अपना कैरियर शुरू किया।
सतीश कौशिक की शादी सन 1985 में शशि कौशिक से हुई थी। शादी के कई साल बाद उनके घर में एक बेटे का जन्म हुआ था। जिसका मात्र 2 वर्ष की आयु में सन 1996 में निधन हो गया था। बेटे की मौत का उन्हें गहरा सदमा लगा था। फिर भी वे खुद गम में रहकर फिल्मी पर्दे पर लोगो को हंसाते रहे।टेलीविजन के चर्चित शो द कपिल शर्मा में भी सतीश कई बार खिलखिलाते नज़र आए, लेकिन उनकी यह हंसी अब हमेशा के लिए शांत हो गई है।उन्हें शत शत नमन।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक मनोज कुमार कश्यप ने यूरेशिया प्रिंटिंग प्रेस 270 फूल बाग कॉलोनी सूरज कुंड रोड मेरठ से छपवाकर, 277 नारंगपुर, थाना परीक्षितगढ, जिला मेरठ से प्रकाशित किया (संपादक मनोज कुमार) किसी भी विवाद के लिए न्याय क्षेत्र मेरठ होगा

# प्रधानमंत्री के पंच प्रण का अनुसरण कर भारत बनेगा विकसित देश- प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल

**सर्वहित भारत**
आज दिनांक 10.03.2023 को सेंट जॉन्स कॉलेज, आगरा में युवा संवाद-2047 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल, कानून एवं न्याय राज्य मंत्री, भारत सरकार को आमंत्रित किया गया एवं प्रो0 अजय तनेजा, उप कुलपति, डा0 भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा, प्रो0 धर्मपाल सिंह, विधान सभा सदस्य, प्रो0 अशोक श्रोती, क्षेत्रीय निदेशक एन0एस0एस0, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड एवं प्रो0 रामवीर सिंह चैहान एन0एस0एस0 समन्वयक, डा0 भीमराव आंम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और शॉल देकर किया गया।

तत्पश्चात प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल जी ने अपने संम्बोधन में कहा कि में बहुत भाग्यशाली हूं जो इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा संवाद में आने का मौका मिला।




उन्होंने सबसे पहले स्वामी विवेकानंद के चरणों में श्रंद्धाजली दी।

अपने सम्बोधन के माध्यम से उन्होंने प्रधानमंत्री जी द्वारा पंच प्रण के बारे में बताया। जिसमें विकसित भारत, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता को चैथा प्रण और नागरिकों के कर्तव्य का पांचवा प्रण बताया उन्होने के कहा कि भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनाना है तो इन पांचों प्रण हो हासिल करने में नौकरशाही को एक बड़ा किरदार निभाना पड़ेगा। प्रधानमंत्री जी की बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ योजना के तहत विभिन्न जानकारी दी। इस युवा संवाद में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजना की जानकारी होना बहुत जरूरी है और उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन बीमा कल्याण योजना के तहत सभी को अपने परिवार के भविष्य को देखते हुये बीमा कराने की सलाह भी दी। इसके उपरान्त महाविद्यालय के एन0एस0एस0 के छात्र-छात्राओं ने एक गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा0 अशोक श्रोती, क्षेत्रीय निदेशक, लखनऊ निदेशालय ने युवाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संम्पूर्ण देश में चलाये जा रहे युवा संवाद कार्यक्रम की जानकारी दी एवं इसके महत्व से परिचित कराया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रो0 अजय तनेजा, प्रति कुलपति, ने पंच प्रण के बारे में बताते हुये कहा कि यह देश के विकास के साथ-साथ युवाओं के विकास एवं उनकी सोच में भी सकारात्मक बदलाव लायेंगे। कार्यक्रम के दूसरे विशिष्ट अतिथि सेंट जॉन्स कॉलेज, आगरा के प्राचार्य प्रो0 एस0पी0 सिंह ने सभी युवा प्रतिभागियों को बधाई देते हुये कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवा छात्र एवं छात्राओं को अपने जीवन में सार्थक परिवर्तन लाने में विशेष योगदान होगा।

उत्पश्चात प्रो0 रामवीर सिंह चैहान एन0एस0एस0 समन्वयक, डा0 भीमराव आंम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा ने सभी अतिथियों और कॉलेज के सभी एन0एस0एस0 संयोजकों को धन्यवाद देते हुये संम्बोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के इण्डिया/2047 के संकल्पों को पूरा करने एवं युवा शक्ति का देश के विकास में भागीदारी हेतु इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा0 रचिता शर्मा ने किया और कार्यक्रम अधिकारी डा0 जॉन अभिषेक मसीह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागी स्वयं सेवकों को धन्यवाद दिया।

आज के इस युवा संवाद कार्यक्रम में पांच प्रतिभागी रहे जिसमें प्रथम स्थान पूर्वी चैहान, द्वितीय वंश शर्मा, सौम्या सिंह एवं शुभम पाठक, जागृति चैहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 10 महाविद्यालयों के 300 स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। कार्यक्रम अधिकारी डा0 रामकुमार सारस्वत, डा0 दीनदयाल, डा0 मनोज पांडेय, डा0 उमा, डा0 जे0पी0 श्रीवास्तव व स्वयं सेवक रोशन सिंह, प्रवीन कुमार, शिवम सारस्वत आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।



# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने एक बैठक गांव करीरा में हुई

**राजू चौधरी/ सर्वहित भारत**
**बुलन्दशहर :** शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव करीरा में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने एक बैठक आयोजित की भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात सिंह त्यागी, के आवास पर बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता जयप्रकाश त्यागी, व संचालन सचिन त्यागी, ने किया बैठक में सारा मुद्दा मेरठ स्थित कमिश्नरी महापंचायत में 15 मार्च को रैली को लेकर हुआ सभा को संबोधित करते हुए पिंकी चौधरी, ने कहा कि आगामी 15 मार्च किसानों के आन बान शान की पंचायत है इस को सफल बनाना है उन्होंने कहा कि पंचायत हर तरीके से संपन्न कराई जाएगी जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र आर्य, ने कहा कि बुलन्दशहर जिले से 50 बसों से भी ज्यादा मेरठ के लिए रवाना होगी मांगेराम त्यागी, का आदेश हर हाल में माना जाएगा और पालन होगा शिकारपुर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी प्रभात त्यागी, ने कहा कि शिकारपुर क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा बस 15 मार्च को मेरठ के लिए रवाना होगी बैठक में सरजीत सिंह, प्रदीप त्यागी, सरफराज, देवेन्द्र त्यागी, राजेन्द्र त्यागी, कन्छीलाल, नरेश त्यागी, अमित कुमार शर्मा, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का तीसरी मंजिल की छत पर चारपाई पर पड़ा मिला शव फैली सनसनी

## छत पर शव मिलने से मचा हड़कंप परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**राजू चौधरी/ सर्वहित भारत**
**बुलन्दशहर** : शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अजनारा में संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय युवक की मौत छत पर सोते हुए युवक का मिला शव प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शिवम पुत्र ललित अपने नए मकान की तीसरी मंजिल की छत पर सो रहा था बताया गया है कि शराब का सेवन करके सो रहा था जिसकी चारपाई के पास से कोल्डड्रिंक व शराब की बोतल तथा रस्सी का टुकड़ा पड़ा हुआ मिला था मृतक शिवम की मां सुबह को शिवम के न जागने पर उसे जगाने छत पर गई थी वहां पर देखा तो शिवम मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ा था यह नजारा देख कर मां की चीख निकल पड़ी और घटनास्थल पर आसपास के पड़ोसी पहुँच गए और हाहाकार मच गया मृतक के पिता ललित बीबीनगर ब्लॉक क्षेत्र के विद्यालय में शिक्षक के पद पर तैनात है जोकि शुक्रवार की सुबह अपने घर से ड्यूटी पर गए हुए थे घर से परिजनों ने फोन करके घटना की जानकारी दी जिस पर वह वापस घर लौट आये मृतक का बड़ा भाई भी वायु सेना में देश की सेवा में तैनात है और मृतक शिवम खेती बाड़ी सम्हाल रहा था अचानक हुई मौत से गांव में सन्नाटा पसर गया घटना की सूचना थाना शिकारपुर पुलिस को दी गई सूचना पा कर शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमचन्द्र शर्मा, मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे वही कुछ देर बाद शिकारपुर क्षेत्राधिकारी वरुण कुमार सिंह, एवं एसपी देहात बजरंगबली चौरसिया, व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची जहाँ पर फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए वही शिकारपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है फिलहाल शिकारपुर कोतवाली पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल में जुटी है एसपी देहात बजरंगबली चौरसिया, का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शिवम पुत्र ललित कुमार की गर्दन पर रस्सी के निशान बने हुए है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी वहीं क्षेत्राधिकारी वरूण कुमार सिंह, ने कहा है कि जल्द से जल्द खुलासा किया जाएगा ।



# हरिद्वार जिलाधिकारी ने बिड़ला पुल से वाल्मीकि चौक तक की सड़क के चौड़ीकरण को लेकर किया दृष्टि से निरीक्षण,अधिकारियों को भी दिये निर्देश

**(संवाददाता नफीस खान) सर्वहित भारत**
**हरिद्वार** जिलाधिकारी ने बिड़ला पुल से वाल्मीकि चौक तक की सड़क के चौड़ीकरण को लेकर किया दृष्टि से किया निरीक्षण,हरिद्वार जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश भी दिये है की सभी वं अधिकारी पहलुओं पर विचार करते हुए बिडला पुल से लेकर वाल्मीकि चौक तक की सड़क चौड़ीकरण की डिजायन तैयार करना सुनिश्चित करें, और साथ ही साथ निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय ने पूर्व में दिये गये निदेशों के क्रम में बिड़ला पुल के दोनों ओर विकसित हो रहे पार्कों का भी जायजा लिया और वही हरिद्वार जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय ने कहा है की हरिद्वार विश्व में धार्मिक व सांस्कृतिक नगरी के रूप में जाना जाता है तथा यहां देश-विदेश से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में श्रद्धालु हरिद्वार से अपने मस्तिष्क में अच्छी छवि लेकर जायें, यही हमारा निरन्तर प्रयास है,वही निरीक्षण के दौरान एसडीएम पूरण सिंह राणा, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण सुरेश तोमर, हार्टीकल्चर आफिसर एचआरडीए ए0आर0 जोशी, एई एचआरडीए पंकज पाठक सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# नगर निकाय चुनावः OBC आयोग की सर्वे रिपोर्ट को योगी सरकार ने दी मंजूरी, दो दिन के अंदर सुप्रीम कोर्ट में होगी पेश



**लखनऊ :-** नगर निकाय चुनाव को लेकर गठित पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है। आज यानी शुक्रवार को मंत्री परिषद की बैठक के बाद सरकार ने ये निर्णय लिया है। प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने लोक भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि, निकाय चुनाव को लेकर 5 दिसंबर को अधिसूचना जारी हुई थी। इसके बाद कुछ याचिकाएं उच्च न्यायालय में दाखिल की गई, जिस पर न्यायालय ने आरक्षण की प्रक्रिया को समर्पित आयोग बनाकर जांचने के आदेश दिए थे। नगर विकास मंत्री ने बताया कि 27 दिसंबर को उच्च न्यायालय का आदेश आया था, जिसके अगले ही दिन 28 दिसंबर को प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय 'उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग' का गठन किया। आयोग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए छह माह का समय दिया गया था। आयोग ने आधे से भी कम समय में अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी है। इस रिपोर्ट को मंत्री परिषद की ओर से स्वीकार कर लिया गया है।

# प्राचीनतम एवं भव्य जिला कृषि, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी 2023 का भव्य उद्घाटन

**राजू चौधरी/ सर्वहित भारत**
**बुलन्दशहर :** की प्राचीनतम एवं भव्य जिला कृषि, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी 2023 का भव्य उद्घाटन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार वन पर्यावरण जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे द्वारा की गई इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अतुल तेवतिया, विधायक सदर प्रदीप चौधरी, विधायक सिकंदराबाद लक्ष्मीराज सिंह, विधायक डिबाई सी पी सिंह, विधायक स्याना देवेन्द्र सिंह, विधायक शिकारपुर अनिल शर्मा, विधायक खुर्जा मीनाक्षी सिंह, विधायक अनूप शहर संजय शर्मा, जिलाध्यक्ष अनिल सिसोदिया की गरिमामय उपस्थिति में वैदिक मंत्रोचार एवं ढोल नगाड़ों की मधुर थाप के बीच प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया मुख्य अतिथि डॉ. अरुण सक्सेना, मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे, जिला जज पंकज कुमार सिंह, डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, द्वारा पूजा अर्चना कर प्रदर्शनी के निर्विघ्न रुप से संपन्न होने की कामना की मुख्य अतिथि द्वारा शांति के प्रतीक कबूतर एवं गुब्बारे उड़ा कर प्रदर्शनी की शुरूआत की इसके उपरांत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण के मंगल की कामना की गई प्रदर्शनी पंडाल में लगाई गई वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट के अंतर्गत प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद की ऐतिहासिक प्रदर्शनी सभी की सहभागिता से आयोजित की गई है सभी का दायित्व है कि मनोरंजन खेल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद ले इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीणा, समस्त अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर, समस्त अधिकारी गण आदि मौजूद रहे ।




# राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान नई दिल्ली की ओर से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए रोजगार मेले का आयोजन

**सर्वहित भारत**
ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम 2019 और नियम 2020 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने सामाजिक भेदभाव कलंक हिंसा और अत्याचार का मुकाबला करने और हाशिए पर पड़े ट्रांसजेंडर समुदाय को कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करने की एक पहल है इस अधिनियम की धारा 14 के तहत उपयुक्त सरकार को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए रोजगार और व्यवसायिक प्रशिक्षण के संदर्भ में उपयुक्त उपाय करने का आदि देश है उसी के आलोक में राष्ट्रीय समाज संस्थान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के लिए विशेष रक्षा के क्षेत्र में नोडल प्रशिक्षण और अनुसंधान एजेंसी ने 10 मार्च को राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर रोजगार मेला 2030 का आयोजन किया यह कार्यक्रम ट्वीट फाउंडेशन के सहयोग से द ललित होटल नई दिल्ली में आयोजित किया गया इस रोजगार मेले का उद्देश्य कॉरपोरेट्स नियुक्त था और ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को भारत में ट्रांसजेंडर रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक मंच पर लाना है इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कॉर्पोरेट जगत को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की रोजगार की जरूरतों पर संवेदनशील बनाना और कारपोरेट क्षेत्र में ट्रांस रोजगार में वृद्धि के माध्यम से विविधता और समावेश की खाई को कम करना है इस









अवसर पर महामंडलेश्वर आचार्य डॉक्टर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी और श्री आर्यन पास सदस्य नेशनल काउंसलिंग फॉर ट्रांसजेंडर प्रमुखता से उपस्थित थे।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ आर गिरिराज कहते हैं कि किसी भी प्रगतिशील






समाज में सभी की पहचान और सम्मान करना बहुत महत्वपूर्ण है यह ट्रांस रोजगार मेला भविष्य में एक और छलांग लगाने के लिए सिस्टम को मजबूत तरीके से मजबूत करेगा राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान के ट्रांसजेंडर एवं भिक्षावृत्ति विभाग ने इस ट्रांस रोजगार मेले को सफल बनाने के लिए अथक परिश्रम किए कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों व्यक्तियों को कंपनी की ओर से रोजगार नियुक्ति के आदेश प्रदान किए गए साथ ही 15 से 20 ट्रांसजेंडर उम्मीदवार व्यक्तियों को अंतिम चरण के साक्षात्कार के लिए कंपनी द्वारा बुलाया गया कंपनी द्वारा रोजगार प्रदान करने का यह सिलसिला आने वाली 31 मार्च तक जारी रहेगा

# यस बॉस



**कामकाजी** लोगों का ज्यादातर वक्त दफ्तर में गुजरता है। ऐसे में अगर उनके बॉस तुनक मिजाज हैं, तो उनका ऑफिस का जीवन हो सकता है तनाव भरा। अलग-अलग मिजाज वाले बॉस से कैसे किया जा सकता है सामना और रखा जा सकता है खुद को व ऑफिस के माहौल को फिट।

**उलझे व्यक्तित्व के बॉस**

ऐसे मिजाज वाले बॉस से प्रशंसा पाना पत्थर में से पानी निकालने के बराबर होता है। आप अकेले होकर कितना भी बड़ा खिताब क्यों न जीत लें पर वे उसमें से भी खामी निकालने में नहीं चूकेंगे।

**क्यों होते हैं ऐसे**

वे लोग जो दूसरों में दोष निकालते हैं, वे खुद में भी कमियां महसूस करते हैं। वे सोचते हैं कि उनका छोटी-छोटी बातों पर आलोचना करना अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए मददगार साबित होता है। ऐसे बॉस इस बात से चिंतित रहते हैं कि अगर वे आपकी प्रशंसा करते हैं, तो आप अपनी उन्नति से संतुष्ट हो जाते हैं और ठहर जाते हैं।

**नुकसान**

प्रशंसा और प्रोत्साहन के बिना कर्मचारियों का मनोबल कम हो जाता है और उनके उत्साह में कमी आ जाती है।

**यूं कीजिए सामना**

बॉस की ओर से प्रशंसा कभी नहीं मिलेगी, तो फिर इसकी उम्मीद छोड़ दें। किसी भी बड़े काम के बाद अपने बॉस से मीटिंग करें व कुछ सवाल पूछें जैसे कि क्या चीज सही रही इस क्षेत्र में मेरा सहयोग कैसा रहा यह आपके लिए सकारात्मक फीडबैक उत्पन्न करता है, जो कि आपको सही ढंग से काम करने में फायदा देता है।

**बड़े बॉस**

इस तरह के मिजाज वाले बॉस के दरवाजे पर हमेशा डू नॉट डिस्टर्ब की तख्ती लगी रहती है। वे रूखे स्वभाव के होते हैं, उन्हें चाय की पूछने के लिए भी आपको मानसिक तौर पर तैयार होना पड़ता है।

क्यों होते हैं ऐसे

उन्हें सदा अपनी खामियां उजागर होने का भय सताता है। मनोचिकित्सकों का मानना है कि वे हमेशा असमंजस में रहते हैं, यहां तक कि उन्हें अपनी उन्नति पर भी विश्वास नहीं होता।

**नुकसान**

इससे डरा देने वाली स्थिति बन जाती है। एक समस्या के बाद दूसरी समस्या पैदा हो जाती है।

**यूं कीजिए सामना**

आप अगर ऐसे बॉस के पास कोई भी समस्या लेकर जाते हैं, तो याद रखें कि उसका हल भी आप ही साथ ले जाएं, इस प्रकार के बॉस ऊपरी भावों से प्रभावित हो जाते हैं। इसलिए जब भी आप उनसे बात करें, तो केवल कॉन्सेप्ट व उसके फायदे के बारे में ही करें। विषय की गहराई तक न जाएं।

**दोस्त या बॉस**

बेस्ट फ्रैंड बॉस महिला कर्मचारियों पर विशेष ध्यान रखते हैं। उनका मकसद सिर्फ लोकप्रियता हासिल करना होता है, बजाय कामकाज के।

**क्यों होते हैं ऐसे**

ऐसे बॉस सभी कर्मचारियों को खुश रखने में माहिर होते हैं। उन्हें सभी पसंद करते हैं। वे किसी भी बात के लिए इंकार नहीं करते और न ही किसी तरह के कोई मतभेद पैदा करते हैं।

**नुकसान**

काम से जी चुराने वाले कर्मचारी मजे करते हैं और मेहनती कर्मचारी काम में उलझे रहते हैं।

**यूं कीजिए सामना**

उनके निर्णयों के लिए उन्हें ही जिम्मेदार ठहराएं। जैसे ही वे किसी बात के लिए मान जाएं, तो पहले अच्छी तरह से उनसे कहें कि मैं जो सोच रहा हूं इससे आप सहमत हैं और फिर उसे लिख लें। ऐसा करने से वे पीछे नहीं हटेंगे। फिर एक लिस्ट बनाएं, जिसमें पूरे काम का विवरण हो और ये भी नोट करें कि किस काम के लिए कौन जिम्मेदार है। अगर आप काम समय सीमा में व सही तरह से खत्म करना चाहते हैं, तो बेहतर रहेगा कि आप खुद ही सभी के पीछे पड़कर काम करवाएं, बजाए बॉस पर निर्भर रहने के।

**सनकी बॉस**

इनिशिएटिव व क्रिएटीविटी इस तरह के बॉस के लिए बुरे शब्द हैं। उनके पास न केवल आइडिया है, साथ ही उन्हें लागू भी कर लेंगे।

**क्यों होते हैं ऐसे**

साधारण तौर पर ये बॉस पूर्णतावादी होते हैं। वे चाहते हैं कि हर काम उनकी क्षमता अनुसार ही किया जाए। हर समय हताश रहने वाले ये बॉस खुद कुछ भी नहीं कर पाते।

**नुकसान**

जब भी आपकी रचनात्मकता को रोका जाएगा आप ऊबने लगेंगे और आपको निराशा हाथ लगेगी। अगर आपको कुछ नया सीखने का मौका नहीं मिला, तो आप आगे कैसे बढ़ेंगे।

**यूं कीजिए सामना**

आपको उनसे मुकाबला करना चाहिए, लेकिन भाषा पर काबू रखना जरूरी है। तुम ऐसे हो, तुमको व कभी नहीं का इस्तेमाल न करें। रिजॉल्विंग कॉनफ्लिक्ट के लेखक शेए मेकोनन कहते हैं कि अगर आप अपने बॉस से कहते हैं कि आपने मुझे कोई जिम्मेदारी नहीं दी है, तो सबसे पहले वे खुद को बचाने की कोशिश करेंगे फिर अपना स्पष्टीकरण देंगे, यह आपके लिए बेकार होगा। इसकी जगह अगर आप कहें कि मैं निर्णय लेने में शामिल होना चाहता हूं तो यह वाक्य आपकी जरूरत पर फोकस करेगा न कि बॉस के व्यवहार पर।

# अपनाएं सही तरीका बालों की सफाई का



**सिल्की,** मुलायम, काले घने बाल मिनटों में नहीं बन जाते। उन्हें ऐसा बनाने के लिए, उनकी देखभाल के लिए पूरा समय निकालना होता है। अगर आप अपने बालों की देखभाल सही तरीके से करती हैं तो उन्हें बस कुछ ही मिनट में अपना मनचाहा स्टाइल दे सकती हैं। इसके लिए आपको ध्यान रखना है उनकी सफाई के सही तरीके पर। आजमाइए ये टिप्स –

- बालों को धोने के बाद अधिक देर तौलिए में लपेटे न रखें। अकसर लंबे बालों वाली स्त्रियां अपने बालों को धोने के बाद तौलिए से घुमाकर बालों को उसमें लपेट देती हैं। गीले बालों को संभालने का यह तरीका आपके लिए सुविधाजनक जरूर हो सकता है, लेकिन बालों के लिए खतरनाक। गीले बालों में अधिक देर तक तौलिया लपेटने से वे कमजोर हो जाते हैं और टूटते भी हैं। ऐसा करने से बचें।
- जरूरत से ज्यादा बालों को न धोएं। गर्मी में बालों का धोना रोज आवश्यक हो तो बेशक धोएं, लेकिन रोज शैंपू न लगाएं।
- बालों में सीधे शैंपू न लगाएं। थोडे से पानी में घोल कर गर्दन के पीछे पहले लगाएं, फिर ऊपर की तरफ हाथ करते हुए बालों में लगाएं।
- कंडीशनर का इस्तेमाल जब करें, तब कंघी की सहायता से पूरे बालों में उसे फैलाएं, ताकि कोई भी बाल छूटने न पाए।
- अपने बालों को ब्लो ड्राई न करें। अगर आप रात में बालों को धोती हैं, तब भी ब्लो ड्राई न करें। चाहें तो अपने तकिये पर मुलायम तौलिया रखकर सोएं।

# टेबल सेटिंग

**आप** डायनिंग टेबल को दो तरह से सेट कर सकती हैं। एक वेस्टर्न स्टाइल दूसरा इंडियन।

**वेस्टर्न स्टाइल**

**टेबल क्लॉथ**

अगर टेबल का टॉप ग्लास या मार्बल का है, तो ढकने की जरूरत नहीं है। टेबल क्लॉथ का इस्तेमाल करना चाहती हैं तो व्हाइट या पेस्टल कलर्स का ही चयन करें। ऐसा बैकग्राउंड भोजन को एलिगेंट और सिम्पल लुक देता है।

**टेबल मैट्स**

टेबल क्लॉथ या मैट्स में से किसी एक का ही इस्तेमाल करना ठीक रहता है। हालांकि आजकल दोनों का ही प्रयोग किया जा रहा है ताकि टेबल क्लॉथ अनचाहे दागों से बचा रहे। टेबल के किनारे और कुर्सी के सामने मैट्स को रखें। मैट्स में समान दूरी रखें।



**डिनर प्लेट्स**

प्लेट को मैट के ठीक बीच में रखें जिस व्यक्ति को खाना खाना है उसके बिल्कुल सामने। टेबल के किनारे से 2.5 से.मी. की दूरी पर। बाकी के बर्तन प्लेट के अनुसार ही रखें।

**कटलरी**

कटलरी को कैसे सजाना है यह आपकी पसंद और आपका भोजन किस तरह का है उस पर निर्भर करता है। चाकूऔर चम्मच प्लेट के राइट साइड में रखे जाते हैं और फोक लेफ्ट में। नाइफ का तेज किनारा अंदर की ओर घुमा कर रखा जाता है। कटलरी प्लेट से 1.5 से.मी. की दूरी पर होना चाहिए और वह भी सीधी लाइन मे। डेजर्ट कैसा है उसी के मुताबिक डेजर्ट कटलरी का चयन करें। इस प्लेट के ऊपरी हिस्से में सामने की ओर रखें।

**गिलास**

रंगीन गिलासों का प्रयोग न करें। नाइफ से ऊपर की ओर इसका मतलब पानी का गिलास लेफ्ट साइड में।

**नेपकिन्स**

नेपकिन्स को प्लेट की लेफ्ट साइड में रखें चाहें तो प्लेट के ऊपर या फिर गिलास के अंदर भी रख सकती हैं।

**इंडियन स्टाइल**

**प्लेट**

हालांकि भारतीय भोजन में चपाती रसेदार सब्जी के साथ खाई जाती है इसलिए एक साइड प्लेट का होना जरूरी है। इसे डिनर प्लेट के लेफ्ट साइड में रखें। ध्यान रखें मैट पर डिनर प्लेट बीच में रहनी चाहिए। एक सीध में प्लेट्स होनी चाहिए। हाथ से खाने के कारण पानी के गिलास को प्लेट के लेफ्ट साइड में रखें।

**बाउल**

एक बड़ा बाउल जिसमें सब्जी होती है और छोटी कटोरियों में रायता डाला जाता है। इन्हें डिनर प्लेट के राइट साइड में रखा जाता है। भारतीय भोजन में केवल एक चम्मच, एक नाइफ और एक फोक का ही इस्तेमाल किया जाता है बजाय वेस्टर्न के। चाकू और चम्मच को प्लेट के राइट साइड में रखें और फोक को लेफ्ट पर। अगर सूप भी सर्व कर रही हैं, तो सूप बाउल को राइट साइड में रखें।

# पोटैटो काठी रोल्स

**सामग्री:** 8 रोटी भर के लिए गेहूं का आटा, दूध, नमक स्वादानुसार, 1 टीस्पून शक्कर, चुटकीभर इलायची पाउडर।

**टॉपिंग के लिए:** दही, हरी धनिया.

**फिलिंग के लिए:** 4-5 उबले हुए आलू, 1 टीस्पून जीरा, 2 टीस्पून कद्दूकस किया हुआ अदरक, 1-2 कटी हुई हरी मिर्च, 1 कटी हुई शिमला मिर्च, 3-4 कटे हुए टमाटर, नमक व काली मिर्च पाउडर स्वादानुसार, गरम मसाला, कसूरी मेथी।

**विधि:** आटे में शक्कर, इलायची, नमक और दूध मिलाकर गूंध लें। आटे की लोई बना लें। पतली-पतली रोटियां बेलकर सेंक लें। फिलिंग के लिए आलू को छीलकर टुकड़ों में काट लें। फ्राइंगपैन में तेल गरम करके जीरा, हरी मिर्च और अदरक डालें। अब इसमें टमाटर, नमक और काली मिर्च मिलाएं। कटी हुई शिमला मिर्च, कसूरी मेथी, गरम मसाला, हरी धनिया और आलू के टुकड़े डालें। रोटी में उपरोक्त मिश्रण को भरकर लपेट कर रोल कर लें। दही के साथ गरमा गरम सर्व करें।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा

आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते

अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू

आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी

परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा

शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

**मीन** — दी दू थ झ ज दे दो चा ची

आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

## काकुरो पहेली - 2760



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो -2759 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक सूटबूटधारी सज्जन एक व्यस्त बाजार में कारो के बीच हाथ-पैर फैलाए लेटा हुआ था. सिपाही ने देखा तो पूछा-क्या हुआ? दौरा-वौरा पड़ गया या चक्कर आ गए?

सज्जन बोले - नहीं जी दरअसल मेरी बीवी कार लेकर यहां पहुंचने वाली है और मैं इस व्यस्त बाजार में कार पार्क करने की जगह घेरे हुए हूं.

☺ ☺ ☺

रोहित (राहुल से) - तुम स्विटरजरलैड में कहां रहे?

राहुल (रोहित से) - 'जानहेग' कस्बे में.

रोहित (राहुल से) - तुम्हे मालूम होना चाहिए कि स्विस भाषा में 'जे' का उगारण 'एच' होता है. वह 'जानहेग' नहीं 'हानहेग' है. वैसे आप वहां कब तक रहे?

राहुल (रोहित से) - हून-हुलाई तक.

☺ ☺ ☺

एक युवक पायलट के लिए इंटरव्यू देने पहुंचा. इंटरव्यू में उससे पूछा गया - आपका दिल कहीं कमजोर तो नहीं?

युवक - जी मेरा दिल तो इतना मजबूत है कि पिछले तीन सालों में मुझे तीन-तीन दिल के दौरे पड़े फिर भी मै जिंदा हूं.

युवक से फिर पूछा गया- दौरे तुम्हें कब-कब पड़े?

युवक - जी जब श्रीदेवी, माधुरी और काजोल की शादी हुई थी तब.

## फिल्म वर्ग पहेली - 2760



**बायें से दायें:-**

१. सलमान, आयशा की 'बैठा नीली झील किनारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
६. जीतेंद्र, रीना, रामेश्वरी की 'तूने मुझे बुलाया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जब भी ये दिल उदास' गीत वाली राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली आशा पारेख, सुनील दत्त की फिल्म-२
९. फिल्म 'कसक' की नायिका कौन थी-३
१२. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, परवीन की 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
१८. हिंदी फिल्मों का पहला 'ही-मैन' किसे कहा जाता है-४
२०. 'छुपा रूस्तम' में नायिका कौन -२
२१. फिल्म 'अंत' में नायिका कौन थी-२
२२. अजय देवगन, ट्विंकल की 'मेरे सीने में तेरा' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'दर्दे दिल दर्दे जिगर' गीत वाली फिल्म-२
२४.'चाइना टाउन' के संगीतकार कौन-२
२६. 'कभी खुशी कभी गम' में अमिताभ की पत्नी की भूमिका किसने की है-२
२७. 'फूल और काँटे' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२८. 'नी मैं यार मनाना नी' गीत वाली राजेश, राखी, शर्मिला की फिल्म-२
३०. राजकुमार, राजेश, माला की 'गुस्सा इतना हसीन' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'मनोरंजन' में शम्मी व संजीव कुमार के साथ नायिका कौन थी-३
३४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. फिरोज खान, जीनत की 'हम तुम्हें चाहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कभी-कभी' में ऋषि की नायिका -३
४. 'बंदिश' में जैकी की नायिका-२
५. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ऐसे मिली निगाहें' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१०. 'मोहे छेड़ो ना' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
१३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'मय से मीना से ना' गीतवाली फिल्म-४
१५. 'कसम से तेरी आँखें' गीतवाली फिल्म-४
१६. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१८. अमिताभ, विनोद, सायरा की 'तुम भी चलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'फूल माँगू ना बहार' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
२३. 'उधर से जो तुमको मिले फुरसत' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'देखो देखो जी, ये है मेरी' गीत वाली जीतेंद्र, लीना की फिल्म-३
२७ रंजन, चित्रा, जयश्री की 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली फिल्म-३
२९.'तदबीर से बिगड़ी हुई' गीतवाली फिल्म-२
३१. गोविंदा, जूही की 'आ जाना जरा' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीतवाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 2759



## सूडोकु -2760

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु - 2759 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली - 2760



**बाएँ से दाएँ**

1.धरोहर,थाती-4
5.अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8.गुणगान-3
9.प्रेम (अंग्रेजी-2)
11.भरोसा,विश्वास-3
12.दुःख,परेशानी,कष्ट-4
14.हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15.गागर,घड़ा-3
17.जांघ-2
19.असावधान-5
22.करतूत,होशियारी-5
25.डूबा हुआ,समाप्त-2
26.तीक्ष्ण,तेज-3
27.अधर्म,अपकृत्य-2
28.मनमौजी,चंचल-4
30.हत्या,वध-3
31.पंख-2
33.मायका-3
35.व्यापार,व्यवसाय (उर्दू-4)
36.कृपा,रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2.फूलों का हार-2
3.वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4.शांति,सुख-चैन-3,2
5.अस्वस्थ,मरीज-3
6.दम,ताकत-2
7.भगवान राम के पुत्र-2,2
10.उन्मत,मदमस्त-4
13.दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16.बोलने का तरीका-3
17.रास्ता-2
18.पराया-2
20.परीक्षा-3
21.वचन-2
22.खेती-2
23.अभिमान-3
24.फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25.बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26.ईश्वर,राजा-4
28.मन को अच्छा लगने वाला-4
29.शाप से पीड़ित-3
32.अवकाश,मंजूरी-2
34.संध्या-2

### शब्द पहेली -2759 का हल



भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया चौथा और अंतिम टेस्ट मैच

# ख्वाजा ओर ग्रीन के शतकों से ऑस्ट्रेलिया का विशाल स्कोर

### –भारत पहली पारी बिना किसी नुकसान के 36 रन

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** उस्मान ख्वाजा के बाद कैमरुन ग्रीन की शतकीय पारी से मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया ने चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में अपनी पहली पारी में 480 रनों का विशाल स्कोर बनाया। ख्वाज ने 180 जबकि ग्रीन ने 114 रन बनाये। पहले दिन जहां ख्वाजा ने शतक लगाया वहीं दूसरे दिन ग्रीन ने शतकीय पारी खेली। वहीं भारतीय टीम की ओर से अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने सबसे अधिक 6 विकेट लिए जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने दो विकेट लिए। स्पिनर रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के अपनी पहली पारी में 36 रन बना लिए थे। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 17 और शुभमन गिल 18 रनों पर खेल रहे थे।

वहीं इससे पहले आज सुबह चार विकेट पर 255 पर आये खेलते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ख्वाजा ओर ग्रीन ने अच्छी बल्लेबाजी जारी रखी। तक ख्वाजा और ग्रीन 150 और 95 रन पर नाबाद थे। आस्ट्रेलिया ने इस सत्र में 29 ओवरों में 92 रन बनाये और पांचवें विकेट के लिए 177 रन जोड़े। भारतीय गेंदबाजों को लगातार दूसरे दिन विकेट के लिए संघर्ष करना पड़ा और वे पूरे सत्र में कोई विकेट हासिल नहीं कर पाए।

इससे पहले, अश्विन ने चौथे टेस्ट के दूसरे दिन दोपहर के सत्र में तीन विकेट लिए। अश्विन ने सबसे पहले कैमरुन ग्रीन को आउट करके और पांचवें विकेट के लिए 208 रन की साझेदारी को तोड़ा, इसके बाद दो और तेज विकेट लिए।

लंच के बाद ग्रीन ने 144 गेंदों में अपना पहला टेस्ट शतक जडेजा को शॉट लगाकर पूरा किया। भारत को आखिरकार 131वें ओवर में सफलता मिली, जब ग्रीन 170 गेंदों पर 114 रन बनाकर अश्विन की गेंद पर कीपर के हाथों कैच आउट हो गए। अश्विन को उसी ओवर में एक और सफलता मिली, जब उन्होंने एलेक्स केरी को अक्षर पटेल के हाथों कैच आउट कराया।

मिशेल स्टार्क को भी 6 रन पर अश्विन ने पेवेलियन भेज दिया। ख्वाजा और लियोन ने ऑस्ट्रेलिया को 400 के पार पहुंचा दिया। ख्वाजा 180 के आउट होने के बाद नाथन लियोन और टॉड मार्फी ने 117 गेंदों में 70 रनों बनाये। इस साझेदारी को अश्विन ने मर्फी 41 को पेवेलियन भेजकर तोड़ा। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया का नौवां विकेट गिरा। इसके बाद, अगले ओवर में लियोन को 34 रन पर आउट कर अश्विन ने मेहमान टीम की पारी समेट दी।




## बीएनपी परिबास ओपन : मार्टिन एचवेरी को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे एंडी मरे



**इंडयन वेल्स (एजेंसी)।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता एंडी मरे ने गुरुवार को एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टॉमस मार्टिन एचवेरी को हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। मरे ने तीन घंटे से अधिक चले पहले दौर के मुकाबले में एचवेरी को 6-7, 6-1, 6-4 से हराया।

मरे ने मौजूदा सत्र में निर्णायक तीसरे या पांचवें सेट में पहुंचे किसी मुकाबले को नहीं गंवाया है। मरे ने 2023 में तीसरे सेट में पहुंचने पर बेस्ट ऑफ थ्री सेट के अपने पांचों जबकि पांचवें सेट में पहुंचने पर बेस्ट ऑफ फाइव सेट के दोनों मुकाबले जीते हैं। तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले स्टेन वावरिंका ने भी कैलिफोर्निया में हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता में वापसी करते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में क्वालीफायर एलेक्सांद्र वुकिच को 6-4, 1-6, 6-1 से हराया। वावरिंका अगले दौर में 26वें वरीय मियोमिर केसमानोविच से भिड़ेंगे। बेन शेल्टन ने फाबियो फोगनिनी को 6-4, 6-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

महिला वर्ग में 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन ऐमा राडुकानु ने डेंका कोविनिच को 6-2, 6-3 से हराया जबकि 2022 ऑस्ट्रेलियाई ओपन उप विजेता डेनियली कोलिन्स को 80वें नंबर की डेलमा गाल्फी ने 6-4, 6-4 से शिकस्त दी।

## हमारी टीम में सभी गेंदबाजी के लिए तैयार रहते हैं : हरमनप्रीत

**मुंबई (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) क्रिकेट में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली शानदार जीत से उत्साहित मुम्बई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि उनकी टीम में सभी गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहते हैं। मुम्बई ने इस मैच में आसान जीत दर्ज की थी। दिल्ली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए मुम्बई को 106 रनों का लक्ष्य दिया था जो मुम्बई ने दो विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। जिसके जवाब में मुंबई ने यह लक्ष्य 15वें ओवर में हासिल कर लिया। डब्लूपीएल में मुंबई की यह लगातार तीसरी जीत है, जबकि दिल्ली को दो मुकाबलों के बाद पहली बार हार का सामना करना पड़ा है।




हरमनप्रीत ने कहा, इस मैच में हमारे गेंदबाजों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। वे मेरा काम आसान कर रहे हैं। जो भी आता है गेंदबाजी करने के लिए बेसब्र रहता है। ऐसे में जब आपके पास इतने विकल्प हों तो काम भी बहुत आसान हो जाता है। यह जीत भी हमें गेंदबाजों के कारण मिली है। टी20 में मैदान के हिसाब से गेंदबाजी करना अहम होता है और हम ऐसा करने में सक्षम हैं। पिछले मैच के बाद हम सभी ने बात की थी कि हमने कुछ खराब गेंदें फेंकी हैं। इस मैच में यास्तिका भाटिया और हेले मैथ्यूज के कारण हमें अच्छी शुरुआत मिली।।

इस मैच में दिल्ली की पूरी टीम 18वें ओवर में 105 रनों पर सिमट गई। मुंबई की ओर से इस्सी वोंग, हेले मैथ्यूज और सायका इशाक तीनों ने 3-3 विकेट लिए।

## आईपीएल खेलने से स्टोक्स की फिटनेस पर असर नहीं पड़ेगा: कोच

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि इसी माह शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने से ऑलराउंडर बेन स्टोक्स की फिटनेस प्रभावित नहीं होगी और न ही उनके एशेज खेलने पर संकट आयेगा। मैकुलम ने कहा कि जिस टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से स्टोक्स खेलने जा रहे हैं वह अपने खिलाड़ियों की पूरी देखभाल करती है। स्टोक्स की फिटनेस को लेकर संदेह इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि उनके घुटने में बार-बार दर्द उभर जाता है। इसी कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में केवल नौ ओवर ही गेंदबाजी कर पाये थे। वह दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजी के दौरान भी परेशान दिखे थे। इस सब के बाद भी मैकुलम यह नहीं मानते कि आईपीएल खेलने से इस ऑलराउंडर की फिटनेस खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वह आईपीएल खेलकर इसे खतरे में डाल रहे हैं। सीएसके अपने खिलाड़ियों की देखभाल करने के मामले में काफी अच्छी है। उनके पास एक बहुत अच्छी चिकित्सा टीम है जो सभी का ख्याल रखती है। उन्होंने कहा, 'स्टोक्स मानसिक रूप से काफी मजबूत है और वह जानता है कि बड़े पलों के लिए कैसे सही होना है। उसका जीवन ऐसा ही रहा है इसलिए मुझे उसकी कोई चिंता नहीं है।

स्टोक्स आईपीएल में इस बार नीलामी में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। सीएसके ने उन्हें 16.25 करोड़ रुपए में खरीदा है। आईपीएल 31 मार्च से शुरू होने वाली है और इसमें पहला मुकाबला अहमदाबाद में सीएसके और गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के बीच खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट 28 मई तक चलेगा जबकि एशेज सीरीज 16 जून से एजबेस्टन में शुरू होगी। स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड 2015 के बाद पहली बार यह श्रृंखला जीतना चाहेगा। वहीं इंग्लैंड की एशेज विजेता टीम के सदस्य रहे पूर्व कप्तान माइकल वॉन और स्टीव हार्मिसन ने कहा है कि स्टोक्स को आईपीएल नहीं खेलना चाहिये। वहीं मैकुलम इस ऑलराउंडर को बिना किसी चिंता के आईपीएल खेलते हुए देखना चाहते हैं।

## धोनी को पसंद है हुक्का पीना : बैली

नई दिल्ली ।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान जॉर्ज बैली ने कहा है कि भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी युवा खिलाड़ियों की काफी सहायता करते हैं और उनके कमरे के दरवाज युवाओं के लिए हमेशा खुले रहते हैं। धोनी सबसे इतिहास में सबसे सफल कप्तानों में से एक माना जाता है।उन्होंने भारत को तीन आईसीसी टूर्नामेंटों में जीत बैली ने साथ ही कहा कि धोनी को हुक्का पीना पंसद है।उन्होंने धोनी को लेकर कहा था– उन्हें थोड़ा शीशा या हुक्का पीना पसंद है। इसलिए वह अक्सर उसे अपने कमरे में रखते थे। यह बहुत हद तक खुले दरवाजे की नीति थी।आप अंदर जाएंगे और अक्सर वहां कई युवा खिलाड़ी मिलेंगे। आईपीएल में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेल चुके जॉर्ज बैली ने कहा, आप उनके कमरे में खेल के बारे में या खेल के विभिन्न पहलुओं के बारे में या अलग–अलग लोगों के बारे में बात कर सकते हैं।यह एक तरह से खिलाड़ी के बीच की दूरी और नर्वसनेस तोड़ने का एक शानदार तरीका है। बेली ने सीएसके की ओर से एक सत्र राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स की टीम में रहते हुए धोनी की कप्तानी में खेला था। धोनी की ही कप्तानी में सुरेश रैना, रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ी निखरे थे।सैम करन जैसे खिलाड़ी भी धोनी की कप्तानी की तारीफ करते रहे हैं।धोनी ने साल 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था पर वह आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से अभी भी खेल रहे हैं।

## आईपीएल में रुतुराज और जडेजा की रहेगी अहम भूमिका : रैना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इसी माह शुरु हो रहे 16 वें संस्करण में ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा और बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ अहम भूमिका निभा सकते हैं। रैना ने कहा राष्ट्रीय टीम में वापसी के बाद जडेजा ने जिस प्रकार का असाधारण प्रदर्शन किया है उससे साफ है कि वह आईपीएल में बेहद उपयोगी साबित होंगे। साथ ही कहा कि वह एक कड़े रिहैब से गुजरे हैं, वह वास्तव में मजबूत और शारीरिक रूप से फिट दिख रहे हैं। वहीं रैना ने इसके साथ ही रुतुराज की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह एक महान खिलाड़ी हैं और निश्चित रूप से फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि रुतुराज चेपॉक स्टेडियम में अपना पहला गेम खेलेंगे। वह एक महान खिलाड़ी हैं और निश्चित रूप से अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि वह बहुत खुश हैं कि चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) चेपॉक स्टेडियम में वापस आ गया है, यह कहते हुए कि टीम ने जो हासिल किया है, उस पर प्रशंसकों को गर्व होगा। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि हम चार साल के लंबे समय के बाद अपने प्रशंसकों के सामने खेल रहे हैं।



## फखर के शतक से लाहौर ने दर्ज की पीएसएल की सबसे बड़ी जीत

रावलपिंडी ।लाहौर कलंदर्स के सलामी बल्लेबाज फखर जमा ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 26वें मुकाबले में इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ शानदार शतक लगाया है।फखर के 115 रनों की सहायता से लाहौर ने 226 रन बनाये।इसके बाद जीत के लक्ष्य का पीछा करते हुए इस्लामाबाद यूनाइटेड टीम 16वें ओवर में केवल 107 रनों पर ही आउट हो गयी।इस प्रकार उसे 119 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। इस्लामाबाद का कोई भी बल्लेबाज 20 रनों तक भी नहीं पहुंच पाया। यह रनों के मामले में पीएसएल इतिहास की सबसे बड़ी जीत है।लाहौर की ओर से राशिद खान ने 21 रन देकर चार विकेट लिए जबकि जमान खान और हारिस रउफ को भी 2–2 विकेट मिले।अंक तालिका में पहले नंबर पर चल रही लाहौर कलंदर्स और दूसरे नंबर की इस्लामाबाद पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है।इससे पहले पिंडी क्लब मैदान पर हुए इस मैच में फखर के कैच दो बार गिरे जिसका पूरा लाभ उठाते हुए शतक लगा दिया।फखर ने 57 गेंदों पर 115 रन बनाये। अपनी पारी में 32 साल के इस बल्लेबाज ने 8 चौके और इतनी ही छक्के लगाये।फखर का यह पाकिस्तान सुपर लीग में दूसरा और टी20 करियर में तीसरा शतक है। पीएसएल के पिछले सत्र में उन्होंने कराची किंग्स के खिलाफ 106 रन बनाये थे।

वहीं कामरान गुलाम और सैम बिलिंग्स ने भी फखर का अच्छा साथ दिया।दूसरे विकेट के लिए गुलाम और फखर के बीच 122 रनों की साझेदारी हुई।इस दौरान गुलाम ने 41 रन बनाये।इसके बाद 22 गेंदों पर 32 रन बनाकर सैम बिलिंग्स ने भी भी अच्छी बल्लेबाजी की।18वें ओवर में फखर हसन अली की गेंद पर पेवेलियन लौटे।राशिद खान ने अंत में 5 गेंदों पर 15 रन बनाकर लाहौर कलंदर्स का स्कोर 226 रनों तक पहुंचाया।

## 162 रनों पर ही न्यूजीलैंड की आधी टीम पेवेलियन लौटी

**क्राइस्टचर्च ।** मेजबान न्यूजीलैंड ने यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 162 बनाये है और ऐसे में इस मैच पर श्रीलंकाई टीम का शिकंजा कसता जा रहा है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर डेरिल मिशेल 40 जबकि माइकल ब्रेसवेल नौ रन बनाकर खेल रहे थे। सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम 67 ने अर्धशतक लगाकर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दी पर मध्यक्रम के विफल होने से टीम संकट में फंसती नजर आ रही है। इससे पहले श्रीलंकाई टीम ने अपनी पहली पारी में 355 रन बनाए थे और इस प्रकार मेजबान कीवी टीम अब भी 193 रनों से पीछे है। इस मैच में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद श्रीलंकाई गेंदबाजों ने भी अपनी टीम को निराश नहीं किया। न्यूजीलैंड की ओर से लैथम और डेवोन कॉनवे 30 ने पहले विकेट के लिए 67 रन बनाकर टी को अच्छी शुरुआत दी। असिता फर्नांडो ने कॉनवे को आउट कर अपनी टीम को पहला विकेट दिलाया। अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन केवल एक रन बनाने के बाद लाहिरू कुमारा का शिकार बने।



कुमारा ने इसके बाद हेनरी निकोल्स को भ 02 रनों पर ही पेवेलियन भेज दिया। लैथम और मिशेल ने इसके बाद पारी को संभाला। लैथम ने मिशेल के साथ चौथे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। असिता ने लैथम को यॉर्कर पर बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। लैथम ने 144 गेंद की अपनी पारी में सात चौके लगाये। रजिता ने विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल 07 को आउट करके न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया। इससे पहले कप्तान टिम साउथी और मैट हेनरी ने श्रीलंका को पहली पारी में 355 रन पर आउट कर दिया।

## निश्ना और अवनी ने कट हासिल किया, शीर्ष 20 में शामिल

सिंगापुर। भारतीय गोल्फर निश्ना पटेल ने पहले नौ होल में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद संयम जारी रखा जिससे वह बैक नाइन पर बोगी फ्री तीन अंडर का कार्ड खेलकर शुक्रवार को यहां महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक (डब्ल्यूएएपी) चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में शीर्ष 15 में पहुंच गयीं। तीसरी बार डब्ल्यूएएपी में खेल रही निश्ना ने पिछले साल भी कट हासिल किया था, उन्होंने इवन पार 72 का कार्ड खेला। पहले दौर में 71 के कार्ड से उनका कुल स्कोर एक अंडर 141 रह जिससे वह संयुक्त 13वें स्थान पर काबिज सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। क्वीन सिरिकिट कप की चैम्पियन अवनी प्रशांत भी कट में जगह बनाने में सफल रहीं। वह इवन पार 144 के कुल स्कोर से संयुक्त 19वें स्थान पर चल रही हैं। वहीं अन्य चार भारतीय कट में जगह बनाने से चूक गयीं जिसमें मन्नत बरार, अनिका वर्मा, लावण्या जादोन और विधात्री उर्स शामिल रहीं।



## एमसीसी की अपील फ्रेंचाइजी लीग के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को बचाएं

**दुबई। (एजेंसी)।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को सुरक्षित रखने के लिए 'तत्काल हस्तक्षेप' करने की अपील करते हुए कहा है कि व्यस्त वैश्विक कार्यक्रम के बीच यह घरेलू लीग से प्रभावित होता जा रहा है। नवीनतम एसएलटी20 और आईएलटी20 सहित फ्रेंचाइजी लीग की अधिकता अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) पर बहुत अधिक दबाव डाल रही है जिससे कमजोर सदस्य देशों द्वारा खेले जाने वाले मैचों की संख्या में 'खतरनाक असमानता' पैदा हो रही है। बिग थ्री में शामिल भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंटों का बड़ा हिस्सा मिलता है जबकि अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे जैसे टेस्ट खेलने वाले छोटे देशों को बेहद व्यस्त एफटीपी के कारण शीर्ष टीमों के खिलाफ अधिक मुकाबले खेलने को नहीं मिलते।

एमसीसी ने कहा कि दुबई में आयोजित बैठक का उद्देश्य यह जांचना था कि छोटे प्रारूप की फ्रेंचाइजी लीग से भरे व्यस्त वैश्विक क्रिकेट कार्यक्रम के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कैसे संरक्षित किया जा सकता है और अगले 10 वर्षों में वैश्विक क्रिकेट कैसा दिखेगा अगर इसे व्यवस्थित रूप से विकसित होने के लिए समय दिया जाए। एमसीसी ने शुक्रवार को बयान में कहा, ''2023 में पुरुषों का क्रिकेट कार्यक्रम फ्रेंचाइजी प्रतियोगिताओं के भरा पड़ा है जो हाल ही में 2027 तक जारी द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम के साथ प्रतिस्पर्धा करता है। इस साल संयुक्त कार्यक्रम में टकराव के बिना एकमात्र समय अक्टूबर और नवंबर का है जब भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप होगा।'' बयान के अनुसार, ''यह प्रवृत्ति सालाना दोहराई जाती है। अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट लगातार टकरा रहा है। सिर्फ आईसीसी के वैश्विक टूर्नामेंट के दौरान ऐसा नहीं है। घरेलू टूर्नामेंटों में से केवल इंडियन प्रीमियर लीग ही ऐसा टूर्नामेंट है जब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से टकराव से बचा जा सकता है।'' एमसीसी ने आईसीसी महिला एफटीपी की सराहना की लेकिन टी20 लीग के बीच खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अधिक उपयोगी बनाने के लिए पुरुषों के खेल से सीख लेने का भी आग्रह किया। एमसीसी ने कहा, ''पुरुषों के कार्यक्रम के विपरीत 2025 तक आईसीसी महिला एफटीपी का हाल ही में जारी किया गया कार्यक्रम बहुत साफ नजर आता है और अंतरराष्ट्रीय तथा घरेलू लीग के बीच कोई टकराव नहीं है।''

## तीन कांस्य पदक काफी हैं, अब स्वर्ण पदक जीतकर मिथक तोड़ना चाहती हूं : लवलीना

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को पूरा भरोसा है कि अधिक वजन वर्ग में खेलने से उन्हें इस महीने के अंत में शुरू होने वाली आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप से किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने के मिथक को तोड़ने में मदद मिलेगी। वह 15 मार्च से यहां शुरू होने वाली महिला विश्व चैम्पियनशिप के 75 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा लेंगी जबकि पिछली दो विश्व चैम्पियनशिप में उन्होंने 69 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता था और 2020 तोक्यो ओलंपिक में भी इसी वजन वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया था। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत की शीर्ष मुक्केबाज निकहत जरीन का ध्यान भी अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखने पर होगा जबकि लवलीना भी शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर पाने का मिथक तोड़ना चाहेंगी। असम की 25 साल की मुक्केबाज ने 2018 और 2019 महिला विश्व चैम्पियनशिप दोनों में तीसरा स्थान हासिल किया था और फिर 2020 तोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था। जिससे लोगों ने कहना शुरू कर दिया कि यह प्रतिभाशाली मुक्केबाज अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं कर रहीं। लेकिन लवलीना ने इससे इनकार किया और कहा कि उनकी प्रतिबद्धता हमेशा रिंग में अपना शत प्रतिशत देने की होती है। लवलीना ने अपने सभी तीनों कांस्य पदक 69 किग्रा में जीते हैं लेकिन वह आगामी चैम्पियनशिप में 75 किग्रा में हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा, ''हां, यह (स्वर्ण पदक नहीं जीतना) मेरे दिमाग में भी चल रहा है, लेकिन मैं इस बार पदक का रंग बदलने के लिये बेकरार हूं। मेरा प्रयास हमेशा स्वर्ण पदक के लिये खेलने का है और इस बार भी कुछ अलग नहीं होगा। तैयारियां अच्छी चल रही हैं और मैं उम्मीद करती हूं कि मैं घरेलू जमीं पर इस मिथक को तोड़ सकती हूं।' उन्होंने साथ ही कहा कि मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत जरीन के साथ उसी टीम का हिस्सा होने से उन पर अच्छा प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक जीतने का कोई अतिरिक्त दबाव नहीं होगा। लवलीना ने कहा, ''मैं यह नहीं सोच रही हूं कि (विश्व चैम्पियन निकहत जरीन) दबाव मुझ पर होगा या नहीं। हमने स्वीकार कर लिया है कि हमें इस दबाव के साथ रहना होगा। हर टूर्नामेंट में ऐसा होता है। ' उन्होंने कहा, ''मेरा ध्यान सिर्फ इसी पर लगा है कि मैं कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकती हूं। इसका मतलब है कि नतीजों के बारे में सोचकर अतिरिक्त दबाव नहीं लूं। '



# खेलो इंडिया दस का दम देश के 50 शहरों में शुरू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को यहां जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 'खेलो इंडिया दस का दम' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के एक भाग के रूप में आयोजित इस टूर्नामेंट की आज देश के 50 से अधिक शहरों में एक साथ शुरुआत हुई। ठाकुर ने कहा कि पिछले कई महीनों से देश भर में हो रहे कई खेलो इंडिया महिला लीग की सफलता के बाद 'दस का दम' देश में हजारों महिलाओं को खेल के प्रति अपने जज्बे के इजहार का एक और मौका देगा।

कुल 10 खेलों में 10 से 31 मार्च तक 26 राज्यों में स्थित 50 से अधिक शहरों में टूर्नामेंट में लगभग 15000 एथलीट भाग लेंगे। इस आयोजन के लिए केन्द्र सरकार ने एक करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। आज सुबह इस कार्यक्रम के भव्य शुभारंभ के मौके पर संदीप प्रधान, महानिदेशक, खेल प्राधिकरण के साथ-साथ केंद्रीय खेल मंत्रालय और साई के कई विशिष्ट लोग मौजूद थे। उद्घाटन समारोह में लगभग 2000 महिला एथलीटों ने जेएलएन स्टेडियम में भी भाग लिया, जिसमें खेलो इंडिया दस का दम प्रतिभागियों के साथ-साथ कैंपर भी शामिल थे।

ठाकुर ने कहा, 'है दम तो बढ़ाओ कदम खेलो इंडिया दस का दम' कार्यक्रम की टैगलाइन है और यह एक और बड़ा कदम है जिसे हमने खेल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उठाया है। '' साई के कई महीनों से पूरे देश में 14 खेलों में महिला लीग आयोजित करने के प्रयास ने 20,000 मजबूत महिला एथलीटों को जोखिम और सशक्तिकरण प्राप्त करने का अवसर दिया है। मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि इन लीगों को काफी सफलता मिली है।'

मैरी कॉम और पीवी सिंधु जैसे एलीट एथलीटों का उदाहरण देते हुए, उन्होने कहा, ''मैरी कॉम से लेकर लवलीना, निखत और पीवी सिंधु से लेकर साइना नेहवाल तक, इन लड़कियों ने बार-बार भारत का गौरव बढ़ाने के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया है। अब इस तरह के टूर्नामेंट ऐसे और सुपरस्टार्स को जन्म देंगे। हम सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट और खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए सब कुछ कर रहे हैं, अब समय आ गया है कि सभी महिलाएं अपनी ताकत दिखाएं।'



# कम लागत वाले शिक्षण सहायक उपकरण बच्चों के बीच तेजी से सीखने में मदद करते हैं- राजपाल पांचाल

**सर्वहित भारत**
**कुरुक्षेत्र(राकेश कशयप)।** नवाचार एवं विकास समिति ने राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सहयोग से कम लागत वाली शिक्षण सहायक सामग्री विकास कार्यशाला का आयोजन जैन कालेज आफ एजुकेशन, बनत, शामली में किया गया, जिसमें खण्ड शामली के 75 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसके उपरांत कालेज प्रधानाचार्य डॉ अनुपमा शर्मा वह समाजसेवी दीपक जैन ने स्त्रोत व्यक्तियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।



कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संस्था इरादा के सचिव व विज्ञान संचारक राजपाल पांचाल ने कहा कि कम लागत वाली शिक्षण सहायक सामग्री एक प्रभावी उपकरण है क्योंकि यह विभिन्न जटिल वैज्ञानिक सिद्धांतों को आसान तरीके से समझने में मदद करती है। हम कम लागत वाली शिक्षण किटों के उपयोग के माध्यम से कक्षा शिक्षण को अधिक ज्ञानवर्धक और मनोरंजक बनाकर छात्रों में विज्ञान के प्रति जुनून पैदा कर सकते हैं। कार्यशाला के स्त्रोत व्यक्ति दीपक मुदगिल ने कहा कि इन उपकरणों को छात्रों को तेजी से सीखने, रटने को हतोत्साहित करने और विषय को उनके लिए दिलचस्प बनाने के लिए गतिविधियों के माध्यम से संलग्न करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को कक्षा में कम लागत वाली शिक्षण किट का उपयोग करना आसान बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया, जो छात्रों के बीच अवधारणात्मक समझ को बेहतर बनाने और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। आज कार्यशाला में पास्कल नियम, न्यूटन के नियम, वायुदाब, गुरुत्वाकर्षण बल, कंपन व ध्वनि के सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने कार्यशाला में गहरी रुचि दिखाई और विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों का प्रदर्शन करते हुए अपनी कम लागत वाली शिक्षण किट भी तैयार की।मुख्य रूप से प्रियांशु कॉल अनुपम पूनम अश्वनी आरुषि व संदीप, रण सिंह मौजूद रहे।






**सर्वहित भारत**
**आज 10 मार्च को राष्ट्रीय गुर्जर विकास मंच की विशेष बैठक का आयोजन मेरठ फाजलपुर मे कैप्टन धनपाल गुर्जर के निवास स्थान पर किया गया जिसमे धनपाल जी के पिता जी को जिला संरक्षक बनाया गया और नरेंद्र गुर्जर के बेटे, जो नेवी मे बडे पद पर नियुक्त हुए, को भी सम्मानित किया गया तथा समाज मे फैली कुरितियो, जैसे नशा, डीजे, शादी के कार्ड बाटने जैसी प्रथा को खत्म करने पर चर्चा हुई इससे पहले धनपाल जी की दो दुकानो और आफिस का उद्घाटन हुआ।**

**अहलकार सिंह नागर. राष्ट्रीय संरक्षक**
**राष्ट्रीय गुर्जर विकास मंच**

## गांव प्रतापपुर में सरकारी गल्ले की दुकान को लेकर सिकेट्री ने की पंचायत

**जिला संवाददाता कंवरपाल सिंह / सर्वहित भारत**

जिला हरिद्वार के ब्लॉक लक्सर के गांव प्रतापपुर में एरिया सिकेट्री अंकित राठी व ग्राम प्रधान रोनिक कुमार व उपप्रधान अरविंद कुमार ने कराई खुली बैठक ग्राम प्रतापपुर में पिछले लग भाग तीन महीने से सरकारी गल्ले की राशन मौजूदा डीलर के माध्यम से राशन ना बटने के कारण मौजूदा प्रधान की देख देखरेख में बढ़ रहा है ।इसी के चलते हैं लोगों ने अपने ही किसी पंचायत के व्यक्ति को डीलर के रूप में नियुक्त करने का सोचा है। इसी को मद्देनजर रखते हुए सिकेट्री साहब व प्रधान की देखरेख में आज दिनांक 10/ 3/ 2023 को एक खुली बैठक का आयोजन किया गया जिसमें रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज कराई गई लगभग ढाई सौ प्लस उपस्तिथि रजिस्टर में दर्ज होनी थी। लेकिन उपस्तिथि 250 पल्स ना होकर 200 प्लस ही रही इस कारण से आज की मीटिंग को निरस्त करना पड़ा। आगामी मीटिंग का समय 15 दिन बाद का रखा गया। और इस चुनाव को ग्राम पंचायत का कोई भी व्यक्ति लड़ सकता है।



## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की जिला सह संयोजिका शबनम जहां का, महिलाएं कार्यकताओं ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया भव्य स्वागत

**(संवादाता नफीस खान)/ (सर्वहित भारत)**
**हरिद्वार।** जिला सह संयोजिका पद पर शबनम जहां को नवाजे जाने से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच से जुड़ी महिलाओं ने उनके निवास स्थान मोहल्ला मैदानियान ज्वालापुर में पहुंचकर उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया है। वही मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की जिला सह संयोजिका शबनम जहां ने कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारियों ने उनको जिला सह संयोजिका पद की जिम्मेदारी सौंपी है। उस विश्वास को बरकरार रखते हुए वह संगठन की उन्नति के लिए दिन-रात तत्पर रहेंगी। और संगठन में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा जाएगा। घर घर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की रीति नीतियों को पहुंचाया जाएगा। और महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए भी गंभीरता से कार्य किए जाएंगे। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की सदस्य शबाना प्रवीन और रुखसार ने कहा कि शबनम जहां को जिला सह संयोजिका पद पर नवाजा जाना बहुत ही प्रशंसा की बात है। क्योंकि शबनम जहां कई वर्षों से समाज सेविका के रूप में महिलाओं के उत्पीड़न के विरुद्ध लड़ाई लड़ती चली आ रही है और उनको इंसाफ दिलाना भी बाखूबी जानती हैं। और महिलाओं के सम्मान में कोई भी कसर बाकी नहीं छोड़ती हैं। सलमा बेगम और शहजादी खातून ने कहा कि जल्द ही मुस्लिम राष्ट्रीय मंच से जुड़ी महिलाएं एक कार्यक्रम का आयोजन करेंगी। जिसमें जिला सह संयोजिका शबनम जहां का भव्य स्वागत किया जाएगा






OYO के CEO रितेश अग्रवाल के पिता रमेश अग्रवाल का शुक्रवार को निधन हो गया। रमेश अग्रवाल की मौत गुरुग्राम में बिल्डिंग के 20वें फ्लोर से गिरकर हुई है। अभी तक यह पता नहीं चला है कि वो 20वीं मंजिल से कैसे गिरे थे। एसएचओ के साथ पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची है और मुकदमा दर्ज किया

## जसविंदर सैनी ने किया कुरुक्षेत्र महामंत्री बनने पर मुख्यमंत्री खट्टर,ओमप्रकाश धनखड़,रविन्द्र राजू और पूर्व विधायक पवन सैनी ,रवि बतान आदि नेताओ का धन्यवाद।

**सर्वहित भारत**
**कुरुक्षेत्र(राकेश कशयप)।** जसविंदर सैनी ने कहा कि सभी के प्यार व आशीर्वाद से मुझे भारतीय जनता पार्टी कुरुक्षेत्र महामंत्री बनाने पर हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ,प्रदेश अध्यक्ष चौ. ओमप्रकाश धनखड़ और प्रदेश संगठन मंत्री रविंद्र राजू , डॉक्टर पवन सैनी , नायब सैनी ,मंत्री संदीप सिंह , कृष्ण बेदी , सुभाष सुधा,जिलाध्यक्ष रवि बतान , ज़िला प्रभारी जी एल शर्मा एवंम शीर्ष नेतृत्व व पार्टी कार्यकताओं का में हार्दिक धन्यवाद करता हूं।कहा कि जो आप ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी है उसको में पूरी मेहनत व निष्ठा से निभाऊँगा।




## घुड़चढ़ी के दौरान हर्ष फायरिंग करने से महिला के पैर में गोली लगी महिला के पति द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपी को देशी कट्टे व एक कारतूस के साथ पकड़कर जेल भेजा।

**सर्वहित भारत**

क्षेत्र के ग्राम भनेड़ा उद्दा में गत रात्रि लगभग 10.30 बजे मोहित उर्फ गुड्डू कोरी पुत्र बनेश कोरी की घुड़चढ़ी हो रही थी।अचानक गांव के ही निवासी जनक राणा पुत्र केहर सिंह घुड़चढ़ी में शामिल होकर हर्ष फायरिंग करने लगा।जिसे घरातियों व ग्रामवासियों ने हर्ष फायरिंग करने से रोकने का प्रयास किया लेकिन उसने देशी कट्टे से फायर कर दिया।जो शादी में आये महक पत्नी मोहित निवासी ग्राम नन्दी फिरोजपुर कोतवाली देहात सहारनपुर के पैर में लगी गोली लगने से घुड़चढ़ी में हड़कंप मच गया।घायल को थानाभवन सीएचसी में लाया गया।जहाँ से उसे गंभीर अवस्था के चलते हायर सेंटर मेरठ रैफर कर दिया गया।घायल महक के पति मोहित ने आरोपी जनक के खिलाफ तहरीर देते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की।थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजिकृत कर आरोपी जनक राणा को एससी एसटी अधिनियम व एक देशी कट्टा , कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पार्टी पदधिकारी अपनी जिम्मेदारी को इमानदारी से निभाएं: रवि बतान



**सर्वहित भारत**
**कुरुक्षेत्रः(राकेश कशयप)।** भाजपा जिला के नवनियुक्त पदधिकारियों की बैठक भाजपा कार्यालय 144/4 मे जिलाध्यक्ष रवि बतान के नेतृत्व में हुई। बैठक के आरंभ मे भारत माता, डा० शयामा प्रसाद मुखर्जी, प० दीनदयाल उपाध्याय के चित्रो पर पुष्पमाला डालकर दीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को लड्डू खिलाकर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को को पार्टी मे दी गई जिम्मेदारी व कार्यो बारे विस्तार से बताया। बतान जी ने कहा कि सभी पदधिकारी पार्टी में द्वारा दिए कार्यो को निष्ठा व इमानदारी से पूरा करें। उन्होंने कहा इससे इसका पार्टी को भी लाभ मिलेगा और आपमें भी नेतृत्व करने की क्षमता का विस्तार होगा। इसके पश्चात जिला महामंत्री हैप्पी विर्क ने बैठक मे आए सभी पदधिकारियों का बैठक मे पहुंचने पर धन्यवाद किया।

इस अवसर पर बैठक मे जिला विस्तारक नरेन्द्र पाल डाबला, जिला उपाध्यक्ष महेश पारचा, देवी दयाल शर्मा, अनुमाल्यान, जिला महामंत्री सर्वजीत सिंह विर्क, जसविन्द्र सैनी बहादुरपुरा, जिला सचिव रामकिशन दुआ, रेणू खुग्गर, रीना कल्यान, विकास शर्मा, सिमरन कम्बोज, कोषाध्यक्ष तिलक राज अग्रवाल, जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, जिला सोशल मीडिया प्रमुख राहुल शर्मा, जिला व्हाट्सएप प्रमुख हरीश कुमार, कार्यालय प्रमुख रामनारायण मदान, सह प्रमुख मलकीत सिंह रत्नडेरा, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जगदीप सांगवान, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष फूल सिंह पाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष परमजीत कौर कश्यप, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सुल्तान सिंह अजराना, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवाब अली उपस्थित रहे।

हिंदी दैनिक समाचार पत्र विज्ञापन रेट
50×33 सेंटीमीटर बराबर
1650 स्क्वायर सेंटीमीटर
1650×25=41250
बैक पेज रेट
हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र
50×33 सेंटीमीटर बराबर
1650×15=24750
स्क्वायर सेंटीमीटर बैक पेज रेट
प्रथम पेज का विज्ञापन जस्ट बेक पेज के डबल है
मध्यम पेज का विज्ञापन बैक की पेज के विज्ञापन का आधा है
9837558066
जानकारी के लिए नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें 82797 84237